नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 299 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 25 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर

झारखंड प्रदेश से आए, विधायक समरीलाल के ...

आदर्श जूनियर जंक्शन में मनाया गया ग्रीन डे

पेज -8 पर

पाटन में विजय बघेल नहीं बल्कि ईडी व आईटी लडेंगे चुनाव-भूपेश बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में इन दिनों ईडी और आईडी की जोरदार चर्चा है। चर्चा इसलिए नहीं कि वे ताबड़तोड़ छापे मार कार्रवाई कर रहे हैं बल्कि चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि इन छापों में उन्हें क्या मिल रहा है यह पता नहीं चलता। बुधवार को सीएम भूपेश बघेल के ओएसडी व राजनीतिक सलाहकार के यहां ईडी पहुंच गई। अब इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रिएक्शन आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव नहीं लड़ना चाहती। पाटन में भी विजय बघेल नहीं बल्कि ईडी व आईटी चुनाव लड़ेगे।

कांग्रेस पार्टी के ऑफशियल ट्विटर हैंडल पर वीडिया शेयर किया गया है जिसमें सीएम बघेल बता रहे हैं कि ईडी क्या करती है। सीएम बघेल ने कहा कि ED करती क्या है? ED के

लोग घरों में जाते हैं, मोबाइल जब्त करते हैं, ज्वैलरी-कैश व बैंक खाते सीज करते हैं। फिर पूरे परिवार को कई दिनों तक बंधक बनाकर रखते हैं और राजनीतिक सवाल पूछते हैं। पहले IT ने छापा डाला, फिर ED की एंट्री हुई। आगे अब सीबीआई भी आ सकती है। इनका उद्देश्य सिर्फ सरकार को बदनाम करना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी ईडी पहले नोएड़ा में एफआईआर कराते हैं और उसके बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सीबीआई जांच की मांग करते हैं। इसका मतलब साफ है कि ईडी खुद को सक्षम नहीं मानती। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले IT के 250 लोगों की टीम छापा डालेगी। ED आती है तो IT जाती है, IT आती है तो ED जाती है। हमारे यहां यही क्रम चल रहा है। चलती सरकार को कैसे बदनाम करना है यही इनका काम है। पूछताछ के नाम पर ईडी के अफसर अमानवीय व्यवहार करते हैं।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर रायपुर में जश्न

वेताओं से लेकर कारोबारियों ने जयस्तंभ चौक पर फहराया तिरंगा

रायपुर। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। देश के वैज्ञानिकों की इस सफलता का हर तरफ जश्न मनाया जा रहा है. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पर नेताओं, व्यापारियों और आम नागरिकों ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

इसके अलावा शहर के कई अन्य चौक चौराहों पर भी लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए जुटे. जिससे राजधानी तिरंगी हो गई। लोग कहते हैं कि हमारे वैज्ञानिक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक हैं, यह सिद्ध हो चुका है।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने दी संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् द्वारा 27 अगस्त से संस्कृत सप्ताह आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत भाषा का प्रभाव भारतीय भाषाओं में ही नहीं अपितु अन्य भाषाओं में भी परिलक्षित होता है। भारतीय विरासत को सहेजकर एवं संयोजकर रखने में संस्कृत भाषा का विशेष योगदान है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संस्कृत सप्ताह के दौरान संस्कृत विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में संस्कृत पर केन्द्रित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

रायपुर। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री के स्थान पर विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम को राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आज यहां मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया है। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि ''माननीय मुख्यमंत्री जी अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति'' को राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ का ''अध्यक्ष'' नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है।

सीएम के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने कहा मैंने सभी बिल दिए फिर भी ईडी ने सोना जब्त किया, ये डकैती है

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर ईडी के छापे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने घर से बरामद सोने के सभी बिल पेश कर दिए हैं। फिर भी ईडी ने यह कहते हुए सारा सोना जब्त कर लिया कि यह सत्यापित करने के लिए आपके पास कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि सोना कहां से खरीदा गया था।

वे आईपीसी और सीआरपीसी को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। वर्मा ने ईडी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि ये मेरे घर डकैती है, लूट है। उन्होंने कहा कि मेरा पत्रकारिता का जो पेशेवर जीवन है वह बहुत बड़ा है। उसकी तुलना में राजनीतिक जीवन थोड़ा छोटा है पर मैं आपको ये कहना चाहता हूं कि मैं मेरे घर में जो धूल है, वह भी मेरे पैर की ही है। अगर उसमें कुछ और शामिल है तो आप जैसे मित्रों के घर आने से जो धूल आती होगी वही होगी। उसके अलावा मेरे पास कुछ भी नहीं है, जिस पर आप शक कर सके। मेरे घर में कल डकैती हुई है, लूट हुई है। मैं पुख्ता आधार पर ये कह रहा हूं।

जितना भी सोना खरीदा, उसका एक-एक का बिल दिया

उन्होंने कहा कि ईडी ने जो बयान लिया है उसमें भी मैंने यह दर्ज करवाया है कि आप मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं और जो कुछ भी आप कर रहे हैं और डकैती है, लूट है। जितना सोना मेरे घर में मिला वह 2005 में मैंने पहली बार खुद खरीदा था। मैं उस समय तभी खरीदने लायक हो पाया था मैंने साल 2005 से 2023 तक जितना भी सोना खरीदा, उसका एक-एक का बिल मैंने दिया है। सिर्फ एक गहने को छोड़कर जो मेरी पत्नी को उसकी शादी में मिला था। उसका बिल मेरे पास नहीं था। इसके अतिरिक्त पूरा बिल दिया हूं। इसके अलावा भी बिल दिए हैं, जो भांजे की शादी हुई तो उसकी बहू को देने के लिए जो गहना खरीदा और किसी भतीजे की शादी हुई तो उसके यहां देने के लिए जो सोने का गहना खरीदा। उसका भी बिल दिया हूं। इसके बावजूद ईडी सारा गहना जब्त करके ले गई। उसने कहा कि आप इसका पुख्ता सबूत नहीं दे रहे हैं कि गहना कहां से खरीदा है। मैंने जब उन्हें बिल दिया तो उन्होंने जाते समय जो मुझे कागज दिए हैं, उसे कागज में पूरा विवरण है। कितना सोना हमने खरीदा और कितने का बिल मैं प्रोड्यूस किया। उसमें ये साफ-साफ लिखा हुआ है। जब मैंने पूछा कि कितना गहना रख सकता है घर पर तो ईडी बोली कि ये आईटी एक्ट में है ईडी एक्ट में नहीं है। उन्होंने कहा कि आप मुझे संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं, तो मैंने कहा कि मैं आपको कैसे संतुष्ट कर सकता हूं।

शराब, कोयला, चावल घोटाले के बाद पता चला कि सट्टा से भी जुड़े हैं सरकार के तार - रमन सिंह

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ED) के छापे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि अभी तक हम सरकार के शराब घोटाला, कोयला घोटाला और चावल घोटाला को गिनते थे.

अब यह मालूम चला कि सरकार के तार सट्टा से भी जुड़े हुए हैं. डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सरकार को मंथली मोटी रकम दिया जाता था, इसे प्रमाण और साक्ष्य के साथ ED ने पेश किया है. महादेव एप के नाम पर जुआ, सट्टा के प्रशिक्षण के लिए दुबई भेजा जाता था. यही कौशल उन्नयन सरकार कर रही है. वहीं विनोद वर्मा के CD बंटवाए जाने के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि CD लहराते हुए आप लोगों ने दिखाया था। इसमें हमारा हाथ है, या भूपेश जी का.इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो पैसे जब्त हो रहे हैं, वह कांग्रेस वालों के पास से हो हैं. भाजपा वालों के पास नहीं. मोटी रकम कहां से ली जा रही है, श्रेष्ठ ने प्रमाणित किया है. 75 करोड़ का हिसाब दिया है. कोरबा जिले के दौरे को लेकर बोले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है, भाजपा में बड़ी संख्या में लोग प्रवेश करेंगे. पूरे प्रदेश में श्रृंखला चल रही है. कल भी पूर्व ब्रह्म नीलकंठ के साथ ढाई हजार लोग भाजपा में शामिल हुए थे.

सीआरएस निरीक्षण करने अंतागढ़ पहुंचे, चरोदा में डीजल इंजन पटरी से उतरा

रायपुर। आज रेल संरक्षा आयुक्त (CRS) स्पीड ट्रायल रन के निरीक्षण करने अंतागढ़ पहुंचे है. लेकिन इसी बीच चरोदा में डीजल के पटरी से उतरने की खबर है।

जानकारी के मुताबिक शंटिंग यार्ड में ये हादसा हुआ है, जिसकी जानकारी विभाग के तमाम अधिकारियों को सौंप दी गई है।।

बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के तहत महत्वपूर्ण परियोजना दल्ली राजहरा-रावघाट में अब दल्ली राजहरा के आगे अंतागढ़ तक ट्रेन दौड़ रही है, इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है. इसी कड़ी में रावघाट परियोजना के तहत रेललाइन के विस्तार का काम अंतागढ़-तारोकी खंड में करीब 17.50 किलोमीटर पूरा हो चुका है, यह परियोजना आर्थिक व क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से बहुत ही अहम है और इसी ट्रैक में स्पीड ट्रायल रन के लिए अधिकारियों की टीम पहुंची है। रेल परियोजना के पहले चरण के तहत दल्ली राजहरा से रावघाट तक 95 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है. अंतागढ़ तक 59 किलोमीटर लंबे मार्ग पर एक यात्री ट्रेन सेवा शुरू हो चुकी है. अब अंतागढ़ से केवटी 17.50 किलोमीटर का काम पूरा किया गया है.

सेल्स मैनेजर की लाश घर पर फंदे से लटकती मिली, स्वजनों ने लगाया हत्या का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक सेल्स मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कमरे के वेंटिलेशन में गमछा बांधकर फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के घरवालों का आरोप है कि उसने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का राजफाश हो सकेगा।

दरअसल, रायपुर के भाटागांव स्थित पानी टंकी के पास संजय कदम अपनी पत्नी नीलू कदम के साथ रहता था। दोनों ने लव मैरिज की थी। मंगलवार की शाम पांच बजे के करीब संजय ने फांसी लगा ली। जिसके बाद उसकी पत्नी ने पड़ोसियों के साथ मिलकर लाश को नीचे उतारा और चंगोराभाठा के एक निजी अस्पताल लेकर आ गई। जहां डाक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

स्वजनों ने हत्या का लगाया आरोप

मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि लाश के गले में कोई निशान नहीं है। उसने फांसी नहीं लगाई है बल्कि उसे मारा गया है। उन्होंने कहा कि युवक का डेढ़ साल पहले एक्सीडेंट हुआ था। जिससे उसका एक हाथ पूरी तरह काम करना बंद कर चुका था। वो कैसे वेंटिलेशन की ऊंचाई पर चढ़कर फंदा बांध सकता है।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश चौधरी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा।

रायपुर की 4 सीटों पर कांग्रेस के 92 दावेदार

सबसे ज्यादा दक्षिण में 36, ग्रामीण में 9

रायपुर। रायपुर में कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ने के लिए 92 दावेदारों ने आवेदन किया है। मंगलवार को आवेदन जमा करने का सिलसिल थम गया है।

यहां की चारों विधानसभाओं में सबसे ज्यादा 36 दावेदार रायपुर की दक्षिण विधानसभा की सीट से हैं। 17 अगस्त से 22 अगस्त तक आवेदन की प्रक्रिया चली।

जबकि रायपुर ग्रामीण में सबसे कम 9 दावेदारों ने अपना आवेदन पत्र जमा किया है। ग्रामीण से इस बार वर्तमान विधायक सत्यनारायण शर्मा चुनाव नहीं लड़ेंगे, उनके बेटे पंकज शर्मा ने आवेदन दिया है। वहीं रायपुर उत्तर से विधायक जुनेजा समेत 33 और पश्चिम से विधायक विकास उपाध्याय समेत 14 दावेदारों के आवेदन आए हैं।

पुरस्कार... आयुष का क्रियान्वयन, छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 आयुष संस्था पुरस्कृत

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने आज रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित कायाकल्प-आयुष पुरस्कार समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिए चयन किया गया था। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

कायाकल्प-आयुष की शुरूआत के बाद पूरे देश में आज पहली बार छत्तीसगढ़ में आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद चयनित संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे, रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, केन्द्रीय आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती कविता गर्ग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै भी कायाकल्प-आयुष पुरस्कार समारोह में शामिल हुईं।

उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद में हजारों साल से जानकारी है।

वर्ष 2022 के लिए ''अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक'' से सम्मानित

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य से 03 पुलिस अधिकारियों को वर्ष 2022 के लिये ''अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक'' हेतु चयनित किया गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री पदक एवं प्रमाण-पत्र का वितरण संबंधित पुलिस अधिकारियों को श्री अशोक जुनेजा पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में 22 अगस्त 2023 को प्रदत्त किया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक दिव्या शर्मा को जिला रायपुर के थाना तेलीबांधा क्षेत्र में 9 वर्षीय बालिका के साथ उसके सौतेले पिता द्वारा अप्राकृतिक कृत्य एवं

दुष्कर्म के मामले में विवेचना के दौरान युक्ति-युक्त साक्ष्य संकलित कर 04 दिवस के भीतर अभियोग पत्र प्रस्तुत करने तथा विचारण के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध युक्ति-युक्त रूप से संदेह से परे प्रमाणित पाने के फलस्वरूप आरोपी को आजीवन कारावास एवं 90 हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किये जाने के फलस्वरूप दिया गया है।

कुदरत के कहर से आखिर कैसे बचेंगे पहाड़ी राज्य, जोखिम में जिंदगी और तबाह होती संपत्तियां

बरसात के इन दिनों में हिमालयी जुड़वां राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में आसमान से आफत बरस रही है। अतिवृष्टि से जहां-तहां तबाही मची हुई है। हिमाचल में अब तक 214 लोग जानें गंवा चुके हैं और 38 मलबे में कहीं गुम हैं। वही हाल उत्तराखण्ड का भी है। गत 15 जून से लेकर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक आपदाओं में 100 से अधिक लोग जानें गंवा जा चुके हैं। हजारों की संख्या में छोटे-बड़े पशु मारे जा चुके हैं और लगभग डेढ हजार छोटे-बड़े भवन पूर्ण या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

इनके अलावा चारधाम यात्रा में मारे गए 183 यात्री अलग हैं। अपदा संकट से ग्रस्त हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का अनुमान है कि राज्य में कम से कम 10 हजार करोड़ की क्षति हो चुकी है और इस आपदा से हुए नुकसान से उबरने में कम से कम एक साल का समय लग जाएगा। इसी तरह उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अब तक राज्य में हुई आर्थिक क्षति को कम से कम 1000 करोड़ रुपए आंका है। जबकि अभी मानसून पूरे यौवन पर है और राज्य में पहाड़ से लेकर मैदान तक तबाही का सिलसिला जारी है। आपदा के इस दौर में उत्तराखण्ड से लेकर जम्मू-कश्मीर तक तीर्थाटन और पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हो गया है जिसका सीधा असर इन राज्यों की आर्थिकी पर पड़ेगा।

विशाल भारत में आपदाएं ही आपदाएं

सवाल केवल हिमालयी राज्यों का नहीं है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और पूरब से लेकर पश्चिम तक सालभर किसी न किसी तरह की आपदा से हमारे देश को दो-चार होना ही पड़ता है। भारत, अपनी विशिष्ट भू-संरचना और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण एक नहीं बल्कि अनेक तरह की आपदाओं के लिए काफी संवेदनशील है। इन प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़, सूखा, चक्रवात, सुनामी, भूकंप, शहरी बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन और जंगल की आग प्रमुख हैं।

देश के 36 में से 27 राज्यों पर आपदाओं का खतरा

देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 27 को आपदाओं के लिए संवेदनशील माना जाता है। 58.6 प्रतिशत

भूभाग मध्यम से बहुत उच्च तीव्रता के भूकंपों के प्रति संवेदनशील है। 12 प्रतिशत भूमि बाढ़ और नदी कटाव से प्रभावित है। कुल 7,516 किमी समुद्र तट में से, 5,700 किमी हिस्सा चक्रवात और सुनामी की दृष्टि से संवेदनशील है। देश की कुल खेती योग्य भूमि का 68 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाता है।

पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और हिमस्खलन का खतरा बना रहता है और 15 प्रतिशत भूभाग भूस्खलन की चपेट में है। कुल 5,161 शहरी स्थानीय निकाय शहरी बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। भारत का भूगोल बाढ़ की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है। देश के कुल 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 4 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ संभावित है। बाढ़ बार-बार आने वाली घटना है, जो भारी जानमाल का नुकसान करती है और आजीविका प्रणालियों, संपत्ति, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संविधाओं को नुकसान पहुंचाती है।

सवाल केवल हिमालयी राज्यों का नहीं है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और पूरब से लेकर पश्चिम तक सालभर किसी न किसी तरह की आपदा से हमारे देश को दो-चार होना ही पड़ता है। भारत, अपनी विशिष्ट भू-संरचना और सामाजिक-आर्थिक

हर साल हजारों करोड़ की लगती है चपत

उत्तराखण्ड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में बाढ़ के कारण हर साल औसतन 75 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित होती है, 1600 लोगों की जानें चली जाती है और फसलों, घरों और सार्वजनिक सुविधाओं को औसतन 1805 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। वर्ष 1977 में सबसे अधिक जानें (11,316) गईं थीं। देश में औसतन हर पांच साल बाद बाढ़ की बड़ी आपदाएं आ जाती है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गानाइजेशन) की एक रिपोर्ट स्टे ऑफ क्लाइमेट इन एशिया-2022फ के अनुसार एशिया में सन् 2022 में जलवायु परिवर्तन और जल संबंधी प्राकृतिक आपदाओं से 36,000 करोड़ अमरीकी डॉलर की आर्थिक क्षति हुई। इसमें से भारत की 420 करोड़ डालर की क्षति भी शामिल है। जो कि आज की तारीख में 34851.39 करोड़ रुपयों में आंकी जा सकती है।

आपदाओं से धन और जन की हानि

प्राकृतिक आपदाओं से क्षेत्र विशेष में जनजीवन के संकट के अलावा आजीविका और विकास का ढांचा तो तहस नहस होता ही है साथ ही निकट भविष्य की आजीविका और विकास की संभावनाएं भी प्रभावित होती है। प्राकृतिक विप्लवों में से तटीय क्षेत्र के तूफान, उष्णकटिबंधीय तूफान और सुनामी से बंदरगाहों, तटीय सड़कों और पर्यटक सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे को बड़ी क्षति पहुंचती है। सूखे, बाढ़ और चरम मौसम की घटनाओं से कृषि बहुत प्रभावित होती है। पर्यटन स्थल आपदाओं से बाधित हो जाते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और आजीविका प्रभावित होती है। भूकंप से गगनचुंबी इमारतें, पुल और सड़कें सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। लातूर और भुज के विनाशकारी भूकम्पों की विभीषिका को लोग दशकों तक झेलते रहे।

जयसिंह रावत

संपादकीय

संसद में काम नहीं होता सुप्रीम कोर्ट में होता है!

सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुनवाई हो रही है। छह दिन की सुनवाई हो गई है और अभी तक सिर्फ याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनी गई हैं। याचिककर्ताओं का मतलब है, जिन लोगों ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी है। इसे हटाए जाने को सही ठहराने के लिए भी एक याचिका पिछले दिनों सर्वोच्च अदालत में दायर की गई थी, लेकिन उसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

सो, 20 से ज्यादा याचिकाएं हैं, जिनमें अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया गया है। ये याचिकाएं दायर करने वालों की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, दुष्यंत दवे आदि ने दलीलें रखी हैं। अब इसका समर्थन करने वाले यानी सरकार का पक्ष सुना जाएगा और वह भी चार-पांच दिन से कम नहीं चलेगा। उसके बाद दोनों तरफ से लिखित दलीलें पेश की जाएंगी और तब पांच जजों की संविधान पीठ विचार करके फैसला लिखेगी। यह भारतीय संविधान में अपनाए गए न्यायिक पुनराविलोकन यानी न्यायिक समीक्षा की व्यवस्था का खूबसूरत उदाहरण है। लेकिन सवाल है कि क्या यह काम पहले संसद में नहीं होना चाहिए था? संसद के दोनों सदनों से जब इसे मंजूरी दी गई तो किसी को ध्यान है कि उसमें कितना समय लगा था? अनुच्छेद 370 हटाने, जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने और राज्य का बंटवारा कर लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का एक विधेयक लाया गया था और एक प्रस्ताव पेश किया गया था। पांच अगस्त 2019 को विधेयक और प्रस्ताव को राज्यसभा ने मंजूरी दी थी और छह अगस्त को लोकसभा ने मंजूरी दे दी। दोनों सदनों में एक एक दिन का समय भी नहीं लगा।

चंद्र विजयः अब दक्षिण को अशुभ न कहे कोई

सौंदर्य और शीतलता, ताब और दाग के प्रतीक चंद्रमा पर 23 अगस्त के (धरती पर) सूर्यास्त के समय हुआ भारतीय विज्ञान का सूर्योदय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुका है। इस बार समूचे भारत के दिल में विश्वास तो था, लेकिन मन में हल्की सी धुकधुकी भी थी कि कहीं 2019 वाला अनचाहा प्रसंग न दोहराया जाए।

लेकिन हमारे वैज्ञानिकों की प्रतिभा और संकल्प ने उस अशुभ विचार को इस बार पृथ्वी तो क्या चांद के गुरुत्वाकर्षण से भी बाहर रखा। सब कुछ तय-शुदा तरीके से, वैज्ञानिक स्क्रिप्ट के हिसाब से

होता गया।

बुधवार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के 4 पैरों ने चांद की धरती को चूम लिया। इस अद्भुत चुंबन की कौंध को भारत के 140 करोड़ लोगों ने महसूस किया। अंतरिक्ष की इस महाविजय ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि भारत सैन्य विजयों में नहीं, संकल्प विजयों में भरोसा करता है। एक महाकठिन सा मिशन अब कामयाबी के रूप में हमारे सामने है। गर्व से कहो, हमने चांद को जीत लिया है।

असफलताएं ही सफलता का राजमार्ग तैयार करती हैं

चंद्रयान-3 का मिशन कई मायनों में अहम है। पहला तो यह कि वैज्ञानिक मिशन महज टोटकेबाजी से पूरे नहीं होते। याद करें 2019 में आखिरी घड़ी में नाकाम रहा चंद्रयान-2 का मिशन। जिसकी असफलता के बाद इसरो के चेयरमैन बच्चों की तरह फफक कर रो पड़े थे और पिता की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनको ढाढस बंधाया था। इसमें यह भाव निहित था कि असफलताएं ही सफलता का राजमार्ग तैयार करती है। नाकामियों पर रोने की जगह उसे नई चुनौती के रूप में स्वीकार करें। गलतियों से सबक लेना और अगली बार उसे न दोहराना ही मनुष्य की जिजीविषा और अथाह मेधा की पहचान है। इसरो के वैज्ञानिकों ने वही कर दिखाया। इस बार 'जीरो मिस्टेक' मिशन पर काम हुआ और नतीजा सामने हैं। हो सकता है कि चांद का असल चेहरा, उसकी गड्ढों भरी सतह की तस्वीरें, उसकी बेहवा फिजां शायरों का हौसला कुछ कम करे, लेकिन एक सक्षम राष्ट्र के रूप में भारत का तिरंगा वहां गड़ चुका है।

दक्षिणी ध्रुव पर अब तक कोई नहीं पहुंचा

हमारे वैज्ञानिकों ने एक और धारणा को ध्वस्त किया है। चंद्र मिशन के लिए चांद के उस दक्षिणी ध्रुव को चुना गया, जहां अभी तक कोई नहीं पहुंचा था। चंद्रमा के अंधेरे में डूबे दक्षिणी हिस्से में रहस्यों के खजाने छिपे हैं। मिशन चंद्रयान उनकी कुछ पत्तों को खोलेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो हमने चांद पर दक्षिण द्वार से प्रवेश कर विजय पताका फहराई है, उस दक्षिण दिशा को, जिसे भारतीय परंपरा में 'अशुभ' से जोड़ दिया गया है। लोग दक्षिण मुखी घर, दक्षिण दिशा में जाने आदि को टालते हैं, क्योंकि दक्षिण में मृत्यु के देवता यम का निवास है। मानो दक्षिण दिशा मृत्यु का तोरण द्वार हो। पारंपरिक मान्यताओं के अपने आधार और आग्रह हो सकते हैं लेकिन विज्ञान के लिए दक्षिण एक दिशा भर है, जिसके जरिए ब्रह्मांड के रहस्यों को जाना जा सकता है।

इन रहस्यों को जानना और मानव कल्याण के लिए उनका उपयोग करना ही विज्ञान का सच्चा धर्म है। इस बार समूचे देश ने मिशन चंद्रयान की सफलता की कामना की। गनीमत रही कि किसी ने चंद्रयान के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने को लेकर आशंका का धुआं उड़ाने की हिमाकत नहीं की।

लिहाजा वैज्ञानिक पूरे मनोयोग से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके। चंद्रयान-3 की कामयाबी में राजनीतिक चांदनी भी महसूस की गई। यह इस मायने में सही है कि आज देश का नेतृत्व जिनके हाथों में है, उनका संकल्प और योगदान तो है ही, लेकिन सफलता का पहला श्रेय तो हमारे उन वैज्ञानिकों को है, जो जी जान से इस मिशन में लगे रहे और उनमें से ज्यादातर को ये देश उतना भी नहीं जानता जितना सोशल मीडिया पर बेहूदा डांस या कमेंट करने वालों को जानता है। यह इस देश की नाकामी है। चंद्रयान के लिए अगले 14 दिन काफी महत्वपूर्ण हैं। चांद की धरती को चूमना ही काफी नहीं है, उसके आगे विक्रम और प्रज्ञान को काफी काम करना है। यकीनन हम चांद को देखकर खुश होते हैं, पर चांद इन विज्ञान यांत्रिकों को देखकर कौतूहल के साथ मुस्कुरा रहा होगा।

अजय बोकिल

मिला जुला

विक्रम लैंडर से बाहर निकला रोवर, चंद्रमा पर कर रहा चहलकदमी

इसकी इसरो ने दी जानकारी

नई दिल्ली। चंद्रयान-3 की कल सफल लैंडिंग के साथ इसरो ने इतिहास रच दिया। आज विक्रम लैंडर से प्रज्ञन रोवर भी बाहर निकल आया है। इसरो ने इसकी जानकारी दी है। इसरो ने अपने ट्वीट में लिखा, 'चंद्रयान-3 का रोवर लैंडर से नीचे उतर गया। भारत ने चंद्रमा पर सैर की।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'विक्रम' लैंडर से रोवर 'प्रज्ञान' के सफलता पूर्वक बाहर आने के लिए इसरो की टीम को बधाई दी है।

आपको यह भी बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतरने के लिए अपेक्षाकृत एक समतल क्षेत्र को चुना है। उसके कैमरे से ली गयी तस्वीरों से यह पता चला है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इसकी पुष्टि की है। इसरो ने कहा कि विक्रम के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचने के तुरंत बाद लैंडिंग इमेजर कैमरा ने ये तस्वीरें कैद कीं। तस्वीरें चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का एक हिस्सा दिखाती हैं। उसने कहा, लैंडर का एक पैर और उसके साथ की परछाई भी दिखायी दी।



अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर अपेक्षाकृत एक समतल क्षेत्र को चुना। उसने यह भी बताया कि लैंडर और इसरो के यहां मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) के बीच संचार भी स्थापित हुआ है। इसरो ने चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर उतरते वक्त ली गयी तस्वीरें भी जारी की हैं।

14 दिनों तक क्या करेगा रोवर?

चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग के बाद अब रोवर मॉड्यूल इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए 14 दिवसीय कार्य शुरू करेगा। उसके विभिन्न कार्यों में चंद्रमा की सतह के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए वहां प्रयोग करना भी शामिल है। विक्रम लैंडर के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कर अपना काम पूरा करने के बाद अब रोवर प्रज्ञान के चंद्रमा की सतह पर कई प्रयोग करने के लिए लैंडर मॉड्यूल से बाहर निकल चुका है।

ब्रिक्स के विस्तार का ऐलान, शामिल होंगे ये 6 नए देश; पीएम मोदी ने किया स्वागत

जोहान्सबर्ग। ब्रिक्स देशों के समूह ने छह नए देशों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने मिलकर इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया। ब्रिक्स देशों के सभी नेताओं ने आज इसके विस्तार की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी 6 देशों का स्वागत किया।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि विस्तार के पहले चरण में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को ब्रिक्स में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। नई सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।

पीएम मोदी ने किया स्वागत

पीएम मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'मैं इन देशों के नेताओं और वहां के नागरिकों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। हम साथ मिलकर ब्रिक्स को नई गति देंगे। भारत के इन देशों के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। ब्रिक्स के जरिए हमारे संबंध और गहरे होंगे। ब्रिक्स का विस्तार इस बात का संकेत है कि विश्व के सभी संस्थाओं को वर्तमान समय के हिसाब से खुद को बदलना चाहिए।'

चंद्रयान पर मिली बधाई के लिए दिया धन्यवाद

इस दौरान उन्होंने चंद्रयान की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने सभी देशों से मिल रही शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा चंद्रयान जहां लैंड हुआ है वह काफी कठिन क्षेत्र है। वैज्ञानिक समुदाय को जो बधाई संदेश मिले हैं उसके लिए धन्यवाद देता हूं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि कल हमने चंद्रमा पर चंद्र मॉड्यूल उतारने पर भारत को बधाई दी। रामाफोसा ने आगे कहा, इस शिखर सम्मेलन ने ब्रिक्स, लोगों के बीच आदान-प्रदान और मित्रता एवं सहयोग बढ़ाने के महत्व की पुष्टि की। हमने जोहान्सबर्ग की दो घोषणाओं को अपनाया, जो वैश्विक आर्थिक, वित्तीय और राजनीतिक महत्व के मामलों पर प्रमुख ब्रिक्स संदेशों को प्रतिबिंबित करती हैं। यह उन साझा मूल्यों और सामान्य हितों को प्रदर्शित करता है जो पांच ब्रिक्स देशों के रूप में हमारे पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का आधार हैं।'

'इंडिया' गठबंधन में होने वाली है मायावती की एंट्री?

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां अपनी कमर कसते नजर आ रही हैं. बीजेपी को हराने के लिए एक ओर विपक्षी पार्टियों ने एक होकर INDIA गठबंधन बनाया है. वहीं उत्तर प्रदेश की बड़ी पार्टी बहुजन समाज पार्टी को लेकर इंडिया गठबंधन अभी भी असमंजस में नजर आ रहा है. दरअसल उत्तर प्रदेश में एक ओर कांग्रेस इंडिया गठबंधन में बसपा को लाने की कोशिश करते दिख रही है. तो दूसरी ओर समाजवादी पार्टी इस पर खुल कर बोलने से कतरा रही है.

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को हराने के लिए भले ही 26 विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन कर लिया है. वहीं लोकसभा की सबसे ज्यादा सीटों वाले प्रदेश में गठबंधन के नेता एक बड़ी पार्टी को लेकर असमंजस में बने हुए हैं. दरअसल उत्तर प्रदेश में जहां कई बड़ी पार्टियां एकजुट होकर बीजेपी के खिलाफ लोकसभा चुनाव में उतरने का मन बना रही हैं. वहीं बसपा को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है.

अब रूस को पड़ेगा भारी!

प्रिगोजिन की मौत का बदला लेने की तैयारी, मॉस्को पर अटैक करेंगे वैगनर लड़ाके!

मास्को। रूस की प्राइवेट सेना के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन के प्लेन क्रैश में मारे जाने के बाद वैगनर पीएमसी ग्रुप रूसी सत्ता से खफा है. वैगनर ग्रुप ने पहले ही रूसी सेना को प्लेन क्रैश के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

अब कंपनी के लड़ाकों में हड़कंप मचा है. प्रिगोजिन की मौत के बाद वे आगबबूला हैं. वैगनर के बदले की भावना को लेकर रूसी खुफिया एजेंसी को इनपुट मिले हैं. रूसी सुरक्षा एजेंसी ने टीवी9 को इस बात की जानकारी दी है. वैगनर ग्रुप के चीफ रहे येवगेनी प्रिगोजिन जून महीने में तब चर्चा में आए जब उन्होंने पुतिन सत्ता को चुनौति दे दी. वह रूस के रक्षा मंत्री के खिलाफ अपने लड़ाकों के साथ मॉस्को के दो किलोमीटर दायरे में आ गए थे. इस बीच रास्ते में कुछ शहरों पर कब्जे का भी दावा किया था. बाद में पता चला कि व्लादिमीर पुतिन और प्रिगोजिन के बीच एक डील हुई और मामला शांत हो गया. स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि इस तरह की डील आमतौर पर एक राजनीतिक विरोधी के साथ होती है और ना कि बगावती आतंकवादी के साथ।

वैगनर ग्रुप की तरफ से एक टेलीग्राम चैनल ग्रे जोन पर प्लेन क्रैश के कुछ देर बाद ही दावा किया गया कि रूसी सेना ने प्लेन पर हमला किया है. हालांकि, कंपनी की तरफ से इसको लेकर कोई सबूत पेश नहीं किया गया. प्लेन में प्रिगोजिन समेत सात वैगनर से संबंधित सात लोग सवार थे. इसमें उनके राइट हैंड दिमित्री उक्तिन भी मौजूद थे. इनके अलावा एक पायलट, को-पायलट और एक फ्लाइट अटेंडेंट भी सवार थे. रूस ने दावा किया कि सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं.

आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन करने हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बलरामपुर।

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का की उपस्थिति में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन का प्रशिक्षण समिति प्रबंधकए आपरेटर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को दिया गया।

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए इस साल किसानों का पहचान बायोमैट्रिक निशान से किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा धान खरीदी की संभावना को देखते हुए धान बेचने आने वाले किसानों का मौके पर ही फिंगर प्रिंट लेकर धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए किसानों से 31 अक्टूबर 2023 तक समितियों में अपना आधार नम्बर और उनके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार पंजीयन कराने कहा गया है। जिला खाद्य अधिकारी एसबी कामठे ने बताया कि किसी भी तरह की फर्जी धान खरीदी रोकने के लिए इस वर्ष आधार नम्बर आधारित बायोमैट्रिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें धान बेचने के लिए किसानों को स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति के अंगूठे के निशान से आधार कार्ड पर आधारित बायोमैट्रिक प्रणाली की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही समितियों में किसानों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया किसान या नामित व्यक्ति द्वारा अगर किसी कारण से धान बेचने में दिक्कत हो तो एक ट्रस्टेड पर्सन विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की जाएगी। वह किसान को धान बेचने में मदद करेगा। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन खरीफ सीजन 2023-24 में पारदर्शी तरीके से धान खरीदी के लिए बायोमैट्रिक पद्धति से खरीदी प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें किसान अपना धान बिक्री कर सकते हैं। जिस तरह से पीडीएस दुकान में राशन लेने के लिए अंगूठा लगाना पड़ता है, उसी प्रकार अब धान बेचते समय किसानों को अंगूठा लगाना पड़ेगा। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में असुविधा न हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदार को नॉमिनी बनाने की सुविधा भी प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर पंजीकृत किसान की अनुपस्थिति में उसके द्वारा बनाये गए नॉमिनी द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। दरअसल जिस व्यक्ति के नाम पर पंजीयन होता है वह धान बेचने नहीं जा पाता तो उसके रिश्तेदार या परिवार के अन्य सदस्य धान बेचने समिति पहुंचते हैं। इससे परेशानी नहीं हो इसके लिए नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए नॉमिनी का आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना होगा। साथ ही यदि किसी कारण से पंजीकृत किसान अपना नॉमिनी अथवा आधार नम्बर परिवर्तन करना चाहता है, तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। गत वर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदार को प्रेषित की जाएगी। साथ ही पूर्व वर्ष के पंजीकृत किसानों को अपना नॉमिनी जोड़वाने एवं संशोधन कराने के लिए 30 सितंबर 2023 तक आवेदन करना होगा। तथा नवीन किसान पंजीयन 31 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा। पंजीयन कराने के लिए किसान को जिला सहकारी बैंक पासबुकए आधार कार्डए ऋण पुस्तिकाए बी-1, नॉमिनी के आधार कार्ड की छायाप्रति तथा किसान का पासपोर्ट साइज फेटो व आधार लिंक मोबाइल नम्बर साथ लाना होगा।

इस दौरान सहायक पंजीयक, जिला प्रबंधक नान, नोडल अधिकारी बैंक एवं जिला विपणन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कला जत्था व एलईडी से किया जा रहा शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जनसंपर्क संचालनालय रायपुर की ओर से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। छायाचित्र प्रदर्शनी, कला जत्था तथा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं जैसे गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, मिलेट मिशन, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बरमकेला इंदिरा चौक के पास तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी व एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था के माध्यम से भी छत्तीसढ़ शासन की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को दी गई। एलईडी स्क्रीन एवं छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं . मुख्यमंत्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनीक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

सफलता की कहानी

रीपा योजना से युवाओं के सपने हो रहे साकार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा, ग्रामीण युवाओं के उद्यमी बनने के सपने को साकार करने का मौका दे रही है। रीपा योजना के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए शे, भवन निर्माण, बिना ब्याज के लोन, व्यवसाय करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है। यही कारण है कि आज रीपा योजना से ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों के लिए रोजगार के अवसर खुल रहे है। रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत डोंगीतराई के जय प्रकाश पटेल रीपा योजना के तहत 25 लाख रूपये की लागत से मिलेट, अनाज प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित कर जिले में आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनायी है। जिसमें मुख्यत: बैंक द्वारा 10 लाख रुपये, पीएमईजीपी के अंतर्गत 5 लाख एवं 10 लाख रीपा द्वारा सहयोग

*** मिलेट, अनाज प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट से जय प्रकाश को मिली उद्यमी के रूप में पहचान**

*** रीपा की गतिविधियों से जिले के अन्य युवाओं को भी मिल रही प्रेरणा**

किया गया। ज्ञात हो कि जय प्रकाश पटेल एक सामान्य कृषक परिवार से है। जिसमें वे अपने पिता के साथ बचपन से कृषि कार्य में हाथ बटाते थे। जिसकी वजह से उन्हें कृषि कार्य का एक अच्छा अनुभव है। कृषि कार्य करने के साथ ही उन्होंने एमए तक अपनी पढ़ाई भी पूरी कर ली। किसानों की आय बढ़ाने एवं अन्य वैकल्पिक खेती को अपनाने का भी उन्होंने सपना संजोया था। पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उन्होंने फसल बाजार कंपनी में सेल्स मेन की नौकरी की एवं कृषि उत्पादों को बेचने के गुर सीखे। उन्हें अपने सपनों की उड़ान रीपा योजना से जुड़ने के पश्चात मिली। जहां उन्हें रीपा की सहायता से अपने मिलेट एवं अनाज प्रोसेसिंग यूनिट लगाने हेतु धन राशि, शेड भवन और उचित मार्गदर्शन मिला। आज जय प्रकाश पटेल प्रति दिन 400-500 किलो मिलेट जैसे कोदोए बाजरा, रागी आदि प्रोसेस एवं पैक करके बाजार में विक्रय कर रहे हैं। साथ ही वे आसपास के अनेकों किसानों को कोदो एवं अन्य मिलेट के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित कर रहे है, ताकि किसानों को कम लागत में अधिक आमदनी हो सके। जय प्रकाश पटेल अब तक 7 लाख रूपये से अधिक की बिक्री कर लगभग 90 हजार रूपये तक का शुद्ध मुनाफा प्राप्त कर चुके है। इसी तरह रीपा योजना से जुड़कर अन्य युवा भी अपने सपने को पूर्ण करने में सफल हो रहे हैं। यह सब शासन की रीपा योजना से हो पाया है।

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को मिल रहा हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण प्राप्त कर हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर शिक्षक समाज को नई दिशा करेंगे प्रदान -सीएमएचओ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से आयुष्मान भारत कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य एंड वेलनेस कार्यक्रम का संचालन जिले में कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के नेतृव में संचालित किया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ. केशरी द्वारा इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी भारद्वाज, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रदीप जैन जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.अशरफ अंसारी, जिला नोडल अधिकारी आर के एस सहित कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक उपस्थित थे। सीएमएचओ ने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय जाने वाले किशोर बच्चों में सूचितए उत्तरदायी एवं स्वास्थ्य व्यवहारों को विकसित करने हेतु उनके ज्ञान को बढ़ाना, उनके मन में सकारात्मक अभिवृत्ति विकसित करना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पैदा करना, विद्यालय स्तर पर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही उनके जीवन कौशलों में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में डॉ राजकुमार नोडल अधिकारी आरके एसके सहित उनकी टीम द्वारा विभिन्न 11 मॉड्यूल पर वेलनेस एम्बेसडर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वस्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबध, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईव्ही की रोकथाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना शामिल हैं। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में स्कूल स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम विद्यालयों के माध्यम से चलाया जा रहा है।

इसके तहत जिले के प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षक एक महिला एवं एक पुरुष, को हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसडर के रूप में चिन्हांकित किया गया है तथा उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूलों में स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने और रोगों की रोकथाम के लिए प्रत्येक सप्ताह एक घंटे की रोचक गतिविधियां आयोजित करेंगे तथा योगाभ्यास की कक्षाएं संचालित करेंगे। जिससे बच्चे निरोग, तनावमुक्त और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रह सके। प्रशिक्षित हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर स्कूलों के प्रत्येक कक्षा से दो छात्रों का हेल्थ एंड वेलनेस मैसेजर के रूप में चिन्हांकन करेंगे। जिनका कार्य समाज में स्वास्थ्य वर्धक संदेशों को पहुंचाना होगा। सीएमएचओ ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर शिक्षक समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे।

महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में मतदान केंद्र क्रमांक 194 में मतदाता जागरूकता अभियान किया गया आयोजित

पाली जनपद में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता अभियान एवं नये मतदाताओं को प्रेरित कर नाम जुड़वाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय विभागों द्वारा भी अपने एवं अधीनस्थ कार्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न वार्डों में जाकर आमजनों को भी मताधिकार की उपयोगिता बताते हुए मतदान में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में उद्यानिकी विभाग द्वारा आज कोरबा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 194 में

स्वीप अंतर्गत सभी विभागों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में वार्ड के महिलाओं, पुरूषों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों एवं युवाओं को निर्वाचन में अपनी सहभागिता निभाने हेतु जागरूक किया गया एवं संकल्प दिलाया गया। साथ ही 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार मतदान केंद्र क्रमांक 171 में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा मतदान जागरूकता अंतर्गत शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। जनपद पंचायत पाली में स्वीप अंतर्गत आमजनों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। यह मतदाता जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर लोगों को फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी देने एवं उन्हें मताधिकार के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य करेगा।

दिव्यांग बच्चों ने संकेतक भाषा में 18 वर्ष आयु के नागरिकों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की अपील की

परफार्मेन्स कहती है हम भी कलाकार हैं, दिव्यांग तो दुनिया की नजर में है

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उप.तहसील कोसीर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नव वधुओं का सम्मान, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का शपथ संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

*** प्रांजल दिव्यांग स्कूल सारंगढ़ के बच्चों ने कोसीर में बेहतरीन परफार्मेन्स किया**

*** बच्चों ने 15 अगस्त समारोह में भी किए थे बेस्ट परफार्मेन्स**

मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की उपस्थिति में प्रांजल मानसिक दिव्यांगजन स्कूल सारंगढ़ के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर बेहतरीन परफार्मेन्स दिए। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बच्चों के द्वारा किए गए गीत संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति का खूब सराहा। कलेक्टर ने बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई राखी रक्षा सूत्र भी हाथों में बंधवायी। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को बच्चों ने साइन भाषा में अपना नाम बताया और मतदाता के लिए 18 वर्ष आयु के बच्चों को नाम जुड़वाने की अपील को भी साइन भाषा में बताया। ये परफार्मेन्स कहती हैं कि हम कलाकार हैं, दिव्यांग तो दुनिया की नजर में हैं। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ में 15 अगस्त 2023 को आयोजित मुख्य समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे पहले प्रस्तुति इन्हीं दिव्यांग बच्चों ने की थी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी, नव वधुएं, स्थानीय दिव्यांगजन, बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने आवारा पशुओं के विस्थापन हेतु ली बैठक

दुर्घटना से बचाव के लिए 465 पशुओं के गले में लगाए गए रेडियम बेल्ट, 1515 मवेशियों की हुई टैगिंग

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़.बिलाईगढ़।

जिले में सड़कों और नेशनल हाईवे में खुले घूमने वाले आवारा घुमन्तु पशुओं से निजात दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पशुओं के गले में रेडियम बैंड लगाने और टैगिंग करने के साथ खुले में घूमने वाले पशुओं को गौशाला अथवा गौठान में विस्थापित भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनपद पंचायत, नगरपालिका और पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड और टैगिंग के कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सभी ग्रामों में ग्राम पंचायत के सचिव एवं पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर रोड की सतत निगरानी करनेए रोड से पशुओं को हटाने के लिए ग्राम के चरवाहे को निर्देशित करने तथा पशुओं को आवारा न छोड़ने के लिए गांव में कोटवार के द्वारा मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मुख्य मार्ग जहां आवारा पशु घूमते हैं, उनमें से नजदीक के 87 गांवों को चिन्हित किया गया है। अभी तक जिले में 465 पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट और 1515 पशुओं की टैगिंग की जा चुकी है एवं पशुपालकों के वैचारिकी में परिवर्तन के लिए आगामी ग्राम सभाओं में पशुओं को आवारा न छोड़ने के लिए शपथ दिलाने के लिए कहा जाएगा। इसी के साथ ही पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान व अन्य जगहों पर शिफ्ट किया गया है।

दुर्घटना की स्थिति में संबंधित पशु के मालिक के विरुद्ध होगी कार्यवाही

आवारा पशुओं के विस्थापन एवं मुख्य सड़कों में उनकी भीड़ से होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन मुस्तैद है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत के सचिव के साथ दल के सदस्यों को घरण्घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर पशुओं को आवारा न छोड़ने की समझाइए देने तथा न मानने पर पशुपालकों पर जुर्माना भी लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत के सचिव तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी अधिक प्रभावित स्थानों के उपयुक्त स्थान पर लिखे जाने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्काल संपर्क किया जा सके। साथ ही शहरी क्षेत्र में उपरोक्त अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए नगरी निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दायित्व दिया गया है। पशुपालन विभाग के द्वारा पशुपालकों से अपील की जा रही है कि वह अपने पशुओं को अपने घर पर रखें और आवारा ना छोड़े जिससे उन्हें एवं वाहन चालकों को दुर्घटनाग्र होने से बचाया जा सके। आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित पशु के मालिक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य कर्मियों ने तूता में जलाईं ईएसएमए आदेश की प्रतियां

रायपुर। वेतन विसंगति को दूर कराने के लिए आंदोलन कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों ने बुधवार को एस्मा आदेश की प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन से जुड़े लगभग 40 हजार स्वास्थ्यकर्मी सोमवार से ही हड़ताल पर हैं।

इसी बीच शासन ने एसेंशियल सर्विसेज मेंटेनेंस एक्ट (एस्मा) का इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों को काम पर लौटने का आदेश जारी कर दिया। शासन के रवैये से नाराज कर्मचारी अब गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास घेरेंगे। तूता धरना स्थल पर आयोजित सभा में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के पदाधिकारी डॉ. इकबाल हुसैन ने कहा कि सरकार प्रदेश के स्वास्थ्यकर्मियों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। कोरोना काल में हमें देवतुल्य कहा गया। आज वेतन विसंगति का मुद्दा उठाने पर एस्मा लगाया जा रहा है।

फेडरेशन पदाधिकारी टारजन गुप्ता ने कहा कि शासन ने हमें आंदोलन के लिए मजबूर किया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव होगा। जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरना में डॉ. वीके पेंगवार, डॉ. मनुप्रताप सिंह, डॉ. रीना राजपूत, सुमन शर्मा, देवाश्री साव और डॉ. विनय वर्मा समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी धरनास्थल पर उपस्थित रहे।

झारखंड प्रदेश से आए, विधायक समरीलाल के साथ जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह ने डीपाडीह में बूथ की बैठक में हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।

सामरी विधानसभा के डीपाडीह में आज झारखंड प्रदेश से आए विधायक समरीलाल के साथ जिला पंचायत सदस्य सह प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अंकुश सिंह डीपाडीह में बूथ समिति एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक में शामिल हुए। आज की बैठक में विधायक समरीलाल द्वारा सभी शक्ति केंद्र संयोजकों को आने वाले चुनावों में पार्टी के साथ लोगों को जोड़ने, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के बारे में बताने और भूपेश सरकार के झूठे वादों को लोगो को बताने को कहा साथ ही साथ पार्टी के लिए बूथ स्तर पर मज़बूती से काम करने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्धेश्वरी पैकरा, रामलखन पैकरा, संजय सिंह, दिनेश पैकरा, आशीष केशरी, संजय जायसवाल, अनिल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के भाजपा प्रवेश का पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने किया हार्दिक स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सतनामी समाज का छत्तीसगढ़ के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । अभी प्रदेश में विधानसभा चुनाव का माहौल है। ऐसे में राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाय तो छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति के लिए जहां 10 सीटें आरक्षित हैं, वहीं लगभग 50 सीटों पर अनुसूचित जाति के सदस्य निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास का सतनामी समाज पर बहुत गहरा प्रभाव है। सतनामी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए धर्मगुरु बालदास ने पिछले विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस की पतवार संभाली थी। इसकी बदौलत कांग्रेस को प्रदेश में सत्ता हासिल करने में अकथनीय सहायता मिली थी। पर कांग्रेस ने पिछले पांच सालों में धर्मगुरु बालदास के अपार योगदान को रेखांकित करना तो दूर, धर्मगुरु बालदास की सामाजिक और राजनीतिक तौर पर काफी उपेक्षा की। इस कारण धर्मगुरु का सतनामी समाज के सर्वांगीण विकास का सपना पूरा नहीं हो सका। इससे व्यथित होकर धर्मगुरु बालदास ने अपने सुपुत्र गुरु खुशवंत साहेब और अपने हजारों समर्थकों और अनुयायियों के साथ भाजपा में विधिवत प्रवेश किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी



ओम माथुर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। धर्मगुरु बालदास और गुरु खुशवंत साहेब के भाजपा प्रवेश का रायगढ़ के पूर्व विधायक भाजपा नेता विजय अग्रवाल ने हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि धर्मगुरु बालदास जैसे संत पुरुष के प्रभाव का कांग्रेस ने अपने हक में इस्तेमाल किया और धर्मगुरु की भरपूर उपेक्षा की। कांग्रेस ने सतनामी समाज के उत्थान के लिए भी कुछ नहीं किया। जो धर्मगुरु का सपना था। विजय अग्रवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस ने धर्मगुरु बालदास की उपेक्षा कर वास्तव में सतनामी समाज की अवहेलना की है। जिसे सतनामी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। यह कांग्रेस के कुशासन और कांग्रेस द्वारा लोगों के इस्तेमाल करने और किनारे कर देने की कुत्सित मानसिकता का परिचायक है । पूर्व विधायक ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के सच्चे शिष्य धर्मगुरु बालदास सतनामी समाज के पथप्रदर्शक की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं । गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान के माध्यम से समानताए भाईचारा और समरसता का जो मूलमंत्र दिया उसे धर्मगुरु बालदास पूर्ण समर्पण से भाव आगे बढ़ा रहे हैं और यही काम भारतीय जनता पार्टी भी कर रही है। भाजपा भी जाति,धर्म और संप्रदाय से परे मानव मात्र के कल्याण के लिए सबका साथ, सबका विकास का लक्ष्य लेकर चल रही है। बाबा गुरु घासीदास और धर्मगुरु बालदास के विचारों,आदर्शों और संदेश को अपनाकर हम अपने जीवन में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। विजय अग्रवाल ने गुरु घासीदास को छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक समुदाय को एक सूत्र में पिरोनेवाला बताते हुए कहा कि बाबा के संदेश कालजयी हैं और धर्मगुरु बालदास उनके संदेश को आगे बढ़ाते हुए आम लोगों के साथ साथ देश को जोड़ने का अमूल्य काम कर रहे हैं । ऐसे, क्रांतिद्रष्टा धर्मगुरु के मार्गदर्शन में भाजपा सशक्त होगी और कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से प्रदेश को मुक्त करेगी। भाजपा प्रवेश पश्चात गुरु बालदास साहेब ने कहा कि कांग्रेस सत्ता के अंधकार में डूबकर लगातार अ.जा. समुदाय का अपमान करती रही। समाज के धर्म स्थलों के विकास और निर्माण पर एक रुपया भी खर्च नहीं किया। समाज के लोगों के प्रति अपमानजनक अपशिष्ट शब्दों का प्रयोग किया है इन्हीं सब बातों से व्यथित होकर कांग्रेस का अहंकार समाप्त करने मैं भाजपा में आया हूं।

कृष्णा जन्माष्टमी के पर्व पर मांस एवं मदिरा को बंद रखने की मांग कों लेकर बेमेतरा कलेक्टर कों सौपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

बेमेतरा मुख्यालय में यादव समाज जिला बेमेतरा द्वारा बेमेतरा कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कृष्णा जन्माष्टमी के पर्व पर मांस एवं मदिरा को बंद रखने की मांग की है। बेमेतरा जिला यादव समाज के नारद यादव ने कहा है। कि सभी धार्मिक पर्व राष्ट्रीय पर्व एवं गुरुओं का जयंती पर मास मदिरा की दुकान बंद रहती है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जगह-जगह दही लूट के साथ विभिन्न प्रतियोगिता भी होती है होती है। मांस मदिरा दुकान खुली होने के कारण आवांछित लोग इसका सोहद्र पूर्ण सेवन कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं इसलिए यादव समाज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से दिन मांस एवं मंदिरा बिक्री को बंद रखने की मांग करती है। अवसर पर हमारे यादव समाज के अमित यादव नरेश यादव सतीश यादव धनसिंह यादव मुन्ना यादव अनिल यादव टोनू यादव पुष्पेंद्र यादव संतराम यादव विजय यादव प्यारे यादव सहित यादव समाज उपस्थिति।

31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना, सुधार कार्य करें–कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

कलेक्टर ने नववधुओं, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़–बिलाईगढ़।

मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी गुरूवार को उप.तहसील कोसीर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नव वधुओं का सम्मान, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का शपथ संकल्प कार्यक्रम में शामिल हुईं। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी का स्वागत दिव्यांगजनों के साथ स्कूली बच्चों ने किया। स्कूली बच्चों ने इस दौरान मतदाता जागरूकता और वंदे मातरम का नारा लगाया। इस कार्यक्रम में डॉ. सिद्दीकी की अगुवाई में नववधुओं ने मतदाता शपथ ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के द्वारा नववधुओं के साथ सेल्फ ी लेते ही कई नववधुओं ने भी अपने मोबाइल से कलेक्टर के साथ सेल्फी ली। कई नववधुओं ने एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा के साथ भी सेल्फी ली। मुख्य मंच में मतदान जागरूकता के तहत कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने नववधुओं का सम्मान की। कलेक्टर के समक्ष प्रांजल मानसिक दिव्यांगजन स्कूल सारंगढ़ के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर बेहतरीन परफार्मेन्स दिए। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बच्चों के द्वारा किए गए गीत,संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति का खूब सराहा। कलेक्टर ने बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई राखी रक्षा सूत्र भी हाथों में बंधवायी। इस दौरान कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी को बच्चों ने साइन भाषा में अपना नाम बताया और मतदाता के लिए 18 वर्ष आयु के बच्चों को नाम जुड़वाने की अपील को भी संकेतक भाषा में बताया। डॉ. सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि सभी मतदाता 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर मतदाता सूची में स्थानांतरण और नाम हटवाने का फार्म भर सकते हैं। नई वधुएं भी अपना मायका के वोटर लिस्ट से नाम हटाकर ससुराल में जुड़वाएं।

उन्होंने शिक्षकों को कहा कि अभी का समय बच्चों को पढ़ाने के लिए बहुत अच्छा समय है। सभी कोर्स का अध्यापन बच्चों को कराएं। अभिभावक भी अपने बच्चों का स्कूल में पढ़ाई और स्कूल द्वारा दिए गए होमवर्क का भी ध्यान दें। हर अभिभावक चाहता है कि उसके बच्चे आगे बढ़े। बच्चों की पढ़ाई का आज के दौर में ध्यान देंगे तो भविष्य उनका निश्चित कामयाब होगा। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, समाज कल्याण, के अधिकारी विनय तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी अतुल खांडेकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नव वधुएं, स्थानीय दिव्यांगजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

एक नजर

पट्टा वितरण की मांग को लेकर भाजपा करेगी आंदोलन

कोरबा । भारतीय जनता पार्टी ने जिले में पट्टा वितरण की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर तिलक भवन में भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस की सरकार अपने वादे को भूल चुकी है। इसी वजह से यह आंदोलन किया जा रहा है। घंटाघर मैदान में सभा के बाद लोगों से प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट में सौंपा जाएगा।

कोरबा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पांच वर्ष पूर्व पट्टाधारियों को न्याय देने की घोषणा की थी लेकिन आज तक एक भी लोगों को पट्टा नहीं मिला है। हमारी मांग है कि सभी लोगों को इसका लाभ मिले। इसी तरह पीएम आवास के मामले में भी कांग्रेस सरकार फिसड्डी साबित हुई है। इसी को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। बिहार से पहुंची भाजपा विधायक गायत्री सिंह ने पत्रकारों के समक्ष कहा कि छत्तीसगढ़ एक संसाधनयुक्त राज्य है। यहां पर विकास की अपार संभावनाएं है लेकिन वर्तमान कांग्रेस की सरकार ने किसी भी क्षेत्र में कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है।

जिलाध्यक्ष डा राजीव सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को घंटाघर मैदान में दोपहर लगभग एक बजे सभा प्रारंभ होगी। जिसमें पहुंचे लोग अपना आवेदन जमा कराएंगे। इसके बाद वक्ता अपनी बात रखेंगे। बाद में रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंच कर आवेदन सहित मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मनोज पराशर, लक्ष्मण श्रीवास, महामंत्री टिकेश्वर राठिया, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर । गोवर्धन नगर नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मंजू चांडक 45 वर्ष कर्मचारी कालोनी दुर्ग की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया की पैतृक मकान गोवर्धन नगर नेवरा है, जहां कोई नहीं रहता है। बताया जाता है कि 22 अगस्त की रात उक्त सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चांदी का कटोरा, गिलास व ऑटो पार्ट्स पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पड़ोसियों ने इसकी सूचना प्रार्थिया को दी। जिससे मौके पर पहुंची प्रार्थिया ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में शिकायत की। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर । शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लकेश्वर सिंह साहू 35 वर्ष ग्राम धवराभाठा पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 9244 से कैफे सरताज के पीछे शराब दुकान गया था, जहां से अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो बाइक आपस में टकराई, अधेड़ की मौत

रायपुर । एनएच-53 आरंग स्थित तितली ढाबा के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में घायल अधेड़ की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक जनकराम साहू 47 वर्ष ग्राम नारा का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी तितली ढाबा के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 पीडी 1997 से टकरा गया था। इस हादसे में जनकराम गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

रायपुर । राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों पुलिस ने अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 92 पाव देशी शराब व 1080 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अरसेना पुलिया के पास दबिश देकर अवैध शराब के साथ आरोपी कमलेश खुटे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 380 रुपए जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी राधेश्याम निषाद 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी राधेश्याम जांगड़े 36 वर्ष व अजीत कुमार कुर्रे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चिरंजीवी ने जन्मदिन पर किया अपनी नई फिल्म मेगा 157 का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता चिरंजीवी ने अपने 68वां जन्मदिन के खास अवसर पर प्रशंसकों खुशखबरी दी। दरअसल, यूवी क्रिएशन्स ने चिरंजीवी की अगली फिल्म मेगा 157 की घोषणा कर दी है। इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।इसके साथ निर्माताओं ने मेगा 157 का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जो काफी दिलचस्प लग रहा है।

यूवी क्रिएशन्स ने ट्विटर पर मेगा 157 का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस बार यह ब्रह्मांड से परे है। पांचों तत्व मेगास्टार के लिए एकसाथ इकट्ठा होंगे।

कश्मीरा परदेशी हमेशा मानती थीं कि द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका उनकी थी

अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी को रोमांचक थ्रिलर द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका तब मिली जब उन्हें लगा कि उनकी संभावनाएं कम हैं। मोहित रैना द्वारा निर्देशित एक्सट्रैक्शन सीरीज़ में उन्होंने इस बारे में खुलासा किया है कि वह आलिया कैसे बनीं।

उसी के बारे में बात करते हुए, कश्मीरा ने कहा: यह पिछले साल सितंबर की बात है, मैं केरल के अलेप्पी में एक हाउसबोट पर शूटिंग कर रही थी, जब शुभम सर ने पहली बार मुझे मैसेज किया और मुझे नीरज पांडे द्वारा निर्देशित शो हॉटस्टार स्पेशल के बारे में बताया और यह उनके लिए प्रमुख था। जब मैंने शुरुआत की, तो मैंने उन निर्देशकों की एक सूची बनाई जिनके साथ मैं काम करना चाहता था और वह मेरे चार्ट में शीर्ष पर थे। तो, जब मुझे अगले दिन तक ऑडिशन टेप भेजने के लिए कहा गया तो मैं स्पष्ट रूप से भाग गया। मुझे अगले दिन ही पता चला कि मुझे शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है, लेकिन फिर लंबा इंतजार करना पड़ा, मुझे लगा कि ऐसा नहीं हो रहा है। आमतौर पर , मैं वास्तव में उन ऑडिशन पर ध्यान नहीं देती जो मैं देती हूं या भले ही मुझे कोई किरदार बहुत पसंद हो। लेकिन आलिया की भूमिका मुझे ऐसी लगी जैसे यह मेरी थी। मैं इसके बारे में दुखी थी लेकिन फिर मैंने इसे जाने दिया। लेकिन आखिरकार, अप्रैल में जब मैं इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं कर रही थी तो मुझे फोन आया कि मैं इस भूमिका के लिए तैयार हूं। द फ्रीलांसर एक निष्कर्षण मिशन के बारे में है जहां एक लड़की को सीरिया के युद्धग्रस्त शत्रुतापूर्ण माहौल में बंदी बना लिया जाता है और वह मौत की दुनिया से भाग जाती है। इसमें अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर के साथ-साथ सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डायस और अन्य कलाकार हैं। खूबसूरत अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।

जंपसूट पहन अमायरा दस्तूर ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज

हर एक तस्वीरों को देख अटक गई फैंस की सांसें

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन किसी ना किसी वजह से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर से निगाहें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर लोगों को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर अपनी एक्टिंग से ज्यादा फेमस अपने लुक्स के कराण हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हालांकि वो अपनी हर एक बोल्ड और हॉट फोटोज से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। अमायरा दस्तूर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहन इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने रिवीलिंग जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को अच्छे से निखारा है। कानों में इयररिंग्स, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और सिजलिंग लुक्स देकर एक्ट्रेस अपने इस अवतार में चार चांद लगा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

गदर 2 की ताबड़तोड़ कमाई जारी, 400 करोड़ रुपये की ओर कारोबार, ओएमजी-2 का संघर्ष जारी

सनी देओल की 'गदर 2' और अक्षय कुमार की 'ओएमजी' 2 दोनों ही साल 2023 के मोस्ट अवेटेज सिक्वल थे. ये दोनों फिल्में एक साथ सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रिलीज हुई थीं. तब से इनका क्लैश लगातार ध्यान खींच रहा है. दरअसल दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही हैं. धमाकेदार ओपनिंग वीकेंड के बाद 'गदर 2' और 'ओएमजी' 2 ने दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार स्कोर हासिल किया, खासतौर पर सनी देओल स्टार फिल्म ने तो दूसरे वीक में 350 करोड़ से ज्यादा की कमाई करके इतिहास रच दिया. वहीं अक्षय की फिल्म ने भी 100 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. चलिए जानते हैं 'गदर 2' और 'ओएमजी 2' का सेकंड मंडे टेस्ट का रिजल्ट कैसा रहा है? सनी देओल की 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और इसी के साथ ये जमकर कमाई भी कर रही है. अपनी शुरुआती 10 दिनों में 375.10 करोड़ की कमाई कर इसने साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' को भी पीछे छोड़ दिया है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार की कमाई के शुरुआत आंकड़े भी आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे सोमवार को सनी देओल की 'गदर 2' ने 14 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ फिल्म की 11 दिनों की कुल कमाई अब 389.10 करोड़ रुपये हो गई है. 'ओएमजी 2' ने रिलीज के 11वें दिन कितनी कमाई की? अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम स्टारर 'ओएमजी 2' के बॉक्स ऑफिस नंबर्स भी शानदार हैं. सनी देओल की 'गदर 2' के आगे 'ओएमजी 2' भी बॉक्स ऑफिस पर डटी हुई है ।

जूही चावला की फाइडे नाइट प्लान का ट्रेलर जारी

1 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान को लेकर सुर्खियों में हैं।इसमें दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे और अभिनेता बाबिल खान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 1 सितंबर को किया जाएगा। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, स्कूल की छुट्टी है, मां की भी छुट्टी है और दोनों भाई की भी। क्या यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी शुक्रवार रात्रि योजना होगी फ्राइडे नाइट प्लान में निनाद कामत और अमृत जयन भी अभिनय करते दिखाई देंगे।

नेटफ्लिक्स ने किया खाकी: द बिहार चैप्टर के दूसरे भाग का ऐलान, टीजर जारी

पिछले साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का दर्शकों और समीक्षकों द्वारा काफी सराहा गया था।दर्शक पिछले लंबे वक्त से खाकी के दूसरे भाग का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो चुका है। दरअसल निर्माताओं ने खाकी: द बिहार चैप्टर 2 का ऐलान कर दिया है।इसके साथ खाकी 2 का टीजर भी सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर बेशुमार प्यार मिल रहा है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर खाकी: द बिहार चैप्टर 2 का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आप बुलाएं और हम ना आएं? कट्टा और कानून की कहानी के दूसरे पड़ाव के लिए खाकी की वापसी।नीरज पांडे द्वारा लिखित और निर्देशित इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा और भरत झा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।भाव धूलिया इसके निर्माता हैं। खाकी का दूसरा सीज़न इस डील से बाहर होने वाली पहली सीरीज़ होगी। फिल्म निर्माता और फ्राइडे फिल्मवर्क्स के संस्थापक नीरज ने एक बयान में कहा, नेटफ्लिक्स के साथ काम करना एक पुरस्कृत अनुभव रहा है जिसने असीमित संभावनाओं को खोल दिया है। कहानी कहने के लिए उनका जुनून मेरे दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है।

खेल

आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप में अमनप्रीत सिंह ने जीता गोल्ड

बाकू। बाकू में आयोजित ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप में बुधवार को अमनप्रीत सिंह ने मेंस 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल इवेंट में जीत हासिल कर गोल्ड मेंडल जीता। साथ ही विमेंस स्टैंडर्ड पिस्टल ट्रायो ने टीम में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी के साथ भारत ने अब तक वर्ल्ड कप में कुल 5 गोल्ड और 9 ब्रॉन्ज जीते। पॉइंट्स टेबल में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन 24 मेडल के साथ टॉप पर है, जिनमें से 13 गोल्ड मेडल हैं।

अमनप्रीत ने 577 पॉइंट्स के साथ फिनिश किया

अमनप्रीत ने मेंस स्टैंडर्ड पिस्टल इवेंट में 577 पॉइंट्स स्कोर किए, जो सिल्वर मेडल विनर कोरियाई ली गुनह्योक से तीन पॉइंट्स ज्यादा थे। गुनह्योक ने 574 पॉइंट्स स्कोर किए थे।

भारतीय टीम में अमनप्रीत के अलावा हर्ष गुप्ता और अक्षय जैन शामिल थे। हर्ष 573 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर रहे। जबकि, अक्षय जैन ने 545 पॉइंट्स हासिल किए और 41वें नंबर पर रहे।

टीम इवेंट में जीती महिला टीम

विमेंस 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल इंडिविजुअल इवेंट में भारत की तियाना 538 पॉइंट्स के 11वें, याशिता शौकीन 536 पॉइंट्स के साथ 12वें और कृतिका शर्मा 527 के साथ 14वें नंबर पर रही। इनमें से कोई भी खिलाड़ी मेडल नहीं जीत सका।

तीनों खिलाड़ियों ने 1601 के टीम टोटल के साथ टीम ब्रॉन्ज मेडल जीता। चीन ने गोल्ड और मेजबान अजरबैजान ने सिल्वर मेडल जीता।

विमेंस पिस्टल ट्रायो को मिला ब्रॉन्ज, पॉइंट्स टेबल में भारत दूसरे नंबर पर पहुंचा

इस चैंपियनशिप में 12 इवेंट के 48 कोटा दांव पर

इस चैंपियनशिप में शूटिंग के अलग-अलग इवेंट के एक दर्जन कोटा दांव पर हैं। प्रतियोगिता में भारत का 53 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है। इसमें 34 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जबकि 19 नॉन ओलिंपिक इवेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

भारत की निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने सोमवार विमेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में पांचवें स्थान पर रहकर भारत को छठा पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया था।

एक नजर

धर्मशाला स्टेडियम वर्ल्ड कप के लिए तैयार

5 मैच खेले जाएंगे, 25 अगस्त से टिकटों की बुकिंग कराएं, 1000 से 15 हजार टिकट की कीमत

हिमाचल प्रदेश का धर्मशाला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम ICC वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए तैयार है। 7 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक खेले जाने वाले 5 डे-नाइट मैचों के ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग के लिए प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। BCCI और ICC ने घोषणा की है कि 25 अगस्त से भारत के मैच को छोड़कर अन्य टीमों के मैचों की टिकट की बुक की जा सकती है। भारत और न्यूजीलैंड मैच की टिकटों की बुकिंग एक सितंबर से शुरू होगी।

1457 मीटर की ऊंचाई पर स्टेडियम

कांगड़ा जिले के धर्मशाला में धौलाधार की तलहटी में बना दुनिया का सबसे खूबसूरत धर्मशाला स्टेडियम 15 एकड़ एरिया में बना है। इसकी अधिकतम सीटिंग क्षमता 25 हजार है।स्टेडियम समुद्र तल से 1457 मीटर की ऊंचाई पर बना है।

अलग-अलग फेज में मिलेंगे मैच टिकट

वर्ल्ड कप के टिकट अलग-अलग फेज में मिलेंगे। इसकी शुरुआत 25 अगस्त से होगी। भारत के अलावा सभी प्रमुख मैच और वॉर्मअप मैच के टिकट 25 अगस्त से उपलब्ध होंगे। वहीं भारतीय टीम के वॉर्मअप मैच के टिकट 30 अगस्त से मिलेंगे।

ICC वनडे रैंकिंग में गिल चौथे नंबर पर पहुंचे

बाबर आजम टॉप पर कायम; टी-20 में गायकवाड को 143 स्थान का फायदा

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की लेटेस्ट वनडे प्लेयर्स रैंकिंग में टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टॉप पर कायम हैं। वहीं बुधवार को जारी रैंकिंग में टी-20 फॉर्मेट में भारत के ऋतुराज गायकवाड को भी 143 स्थान का फायदा हुआ है। ICC प्लेयर्स की रैंकिंग हर बुधवार अपडेट होती है। आज जारी हुई लेटेस्ट वनडे बैटर्स रैंकिंग में पाकिस्तान के फखर जमान को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वह तीसरे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए, इस कारण भारत के शुभमन गिल पांचवें से नंबर-4 पर पहुंच गए। शुभमन गिल के 743 रेटिंग अंक हैं और वह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वनडे बैटर्स में टॉप पर बरकरार हैं। साउथ अफ्रीका के रासी वान डर डसेन दूसरे और पाकिस्तान के इमाम-उल-हक तीसरे नंबर पर हैं।

IND-IRE तीसरा टी-20 बारिश के कारण रद्द

भारत ने सीरीज 2-0 से जीती; कप्तान जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे

भारत और आयरलैंड के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण मैच में टॉस तक नहीं हो सका। शुरुआती 2 टी-20 के नतीजों के आधार पर भारत ने 3 मैचों की सीरीज 2-0 से जीती।

2 मैचों में 4 विकेट लेने वाले टीम इंडिया के कप्तान जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लिए। भारत के ही ऋतुराज गायकवाड ने सीरीज में सबसे ज्यादा 77 रन बनाए।

अंपायर्स ने मैच रद्द घोषित किया

डबलिन में बुधवार शाम को शुरू हुई बारिश भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे तक होती रही। द विलेज स्टेडियम बारिश के कारण गीला हो चुका था। मैच शुरू करने की डेडलाइन रात 11:15 बजे तक थी, लेकिन बारिश रुकते नहीं देख अंपायर्स ने मैच को रद्द घोषित कर दिया।

मैच रद्द घोषित होने के बाद हाथ मिलाते भारत और आयरलैंड कोचिंग स्टाफ के मेंबर्स। भारत ने आयरलैंड को लगातार तीसरी टी-20 सीरीज हराई है। इससे पहले 2018 और 2022 में टीम ने आयरलैंड का व्हाइट वॉश किया था। टीम इंडिया बारिश के कारण पहली बार आयरलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप नहीं कर सकी। 2018 में भारत ने 3-0 और 2022 में 2-0 से जीत दर्ज कर थी।

भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द

वर्ल्ड रेसलिंग बॉडी ने 15 जुलाई तक चुनाव नहीं करवाए जाने के बाद की कार्रवाई

चंडीगढ़। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द कर दी है। UWW ने 30 मई को भारतीय कुश्ती संघ को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि अगले 45 दिन यानी 15 जुलाई तक भारतीय कुश्ती संघ का चुनाव नहीं किया गया तो सदस्यता सस्पेंड कर दी जाएगी। WFI अपने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन शोषण के आरोपों के बाद पहले से ही मुश्किलों में घिरी हुई है। अब संघ की सदस्यता जाने के बाद भारतीयों पहलवानों के लिए यह बड़ा झटका है।

इस फैसले के बाद भारतीय पहलवान अब 16 से 22 सितंबर के बीच सर्बिया में होने वाली पुरुषों की वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय झंडे के तले नहीं खेल पाएंगे। भारतीय पहलवानों को इस ओलिंपिक-क्वालिफाइंग चैंपियनशिप में UWW के बैनर तले ही खेलना होगा। जनवरी और अप्रैल में साक्षी मलिक, विनेश फोगाट व बजरंग पुनिया ने WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप में कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया था।

जनवरी और अप्रैल में साक्षी मलिक, विनेश फोगाट व बजरंग पुनिया ने WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप में कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया था।

इस साल जनवरी और अप्रैल में साक्षी मलिक, विनेश फोगाट व बजरंग पुनिया की अगुआई में पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। पहलवानों ने WFI के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। विवाद के बाद इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) ने WFI को भंग करते हुए एडहॉक कमेटी बनाकर उसे WFI के नए पदाधिकारियों के चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंप दी। एडहॉक कमेटी ने 12 अगस्त को मतदान की तारीख तय कर दी।

सुनील रामदास सहित कई यजमानों ने किया संगीतमय पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

नगर के अग्रोहा भवन में 24 अगस्त को शहर के गणमान्य जन द्वारा संगीतमय पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सनातन हिन्दू पूजा पद्धति में सावन माह भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष होता है। इस विशेष माह के मद्देनजर नगर के मुख्य यजमान सुनील रामदास व अन्य यजमान गण सर्वश्री मुकेश गोयल, अशोक अग्रवाल, मनीष पालीवाल,मनीष अग्रवाल दवाई, बजरंग लाल अग्रवाल,जुट मिल अधीश रतेरिया, आनंद मोदी, दीपक अग्रवाल जामगांव, संजय अग्रवाल, निखिल अग्रवाल भोले, आदि यजमानों द्वारा संगीतमय पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक जैसा प्रशंसनीय अनुष्ठान को आयोजित किया। यह भगवान शिव के पूजन की ऐसी पूजन विधि है, जिसमें रुद्राभिषेक संगीतमय मंत्रों व भजन से किया जाता है। यह पूजा विधि एक

प्रयोगात्मक पूजा विधि है। जिसमें श्रद्धालु गण उमंग और उल्लास के साथ भगवान शिव की पूजा करते हैं। भगवान शिव के इस पूजन में मुख्य यजमान सुनील रामदास व मुकेश गोयल, अशोक अग्रवाल, मनीष पालिवाल, मनीष अग्रवाल,दवाई, बजरंग लाल अग्रवाल जुटमिल, अधीश रतेरिया, आनंद मोदी, दीपक अग्रवाल जामगांव, संजय अग्रवाल, निखिल अग्रवाल ,भोले, आदि यजमानों द्वारा संगीतमय पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया गया। नगर के इस महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान में मुकेश मित्तल, प्रदीप गर्ग, सरस गोयल, भाजपा नेता गौतम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल ,अजंता, मनोज अग्रवाल होण्डा, लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन के अध्यक्ष विजय हरि अग्रवाल, रायपुर से अनिल चौबे, गुरूकुल तुरंगा के आचार्य राकेश, पुसौर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, हाराचंद प्रधान, ओम प्रकाश प्रधान, भाजपा मंडल पुसौर के उपाध्यक्ष दु:खनाशन गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, वरूण गुप्ता, अशोक भोय, सुभाष गुप्ता, यदुमणि गुप्ता, पुरूषोत्म गुप्ता, हिराधर गुप्ता, अंतर्यामी गुप्ता, सदानंद गुप्ता व गुरूकुल तुरंगा के अनेकों छात्र आदि ने भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त संगीतमय रूद्राभिषेक मंडली अर्थात् भोले दिवाने परिवार

आमगांव महाराष्ट्र से बंशीधर अग्रवाल, मनीष शर्मा, निलेश अग्रवाल, आशीष असाटी, अनिल अग्रवाल, सुनिता असाटी, हेमंत अग्रवाल, ज्ञानु अग्रवाल, रमेश भदोरिया, विजय भैया, शैलेश भैया, सतीश अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूनम अग्रवाल आदि द्वारा भगवान शिव के मंत्रों और भजन को संगीत के विधा में प्रस्तुत किया गया। संगीतमय रूद्राभिषेक कार्यक्रम अग्रोहा भवन में सुबह 10 से आरंभ हुआ और समापन के पश्चात् संध्या 4 बजे नगर के श्रद्धालु गण को प्रसाद के लिए भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

सुनील रामदास ने उक्त अनुष्ठान को लोगों में भक्ति का प्रेरक बताया

इस अनुष्ठान के मुख्य यजमान व आयोजक सुनील रामदास ने बताया कि यह आयोजन नगर के लोगों में भगवान शिव की भक्ति के लिए प्रेरक है। भारत में सावन का महत्त्व इसलिए बहुत अधिक होता है कि उस समय तक किसान अपनी खेती के कार्यों से निर्वित हो गया रहता है। उसके बाद वह भगवान की पूजा अर्चना कर अच्छी खेती की कामना करता है और इस माह में भगवान शिव की पूजा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण होती है कि प्रकृति संरक्षण के दृष्टि से यह माह बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। इस माह में पूरी धरती हरे रंग की हो जाती है और देवाधिदेव महादेव भी प्रकृति के देवता हैं।

जिसका प्रमाण उनके तैलचित्रों में बने स्वरूप से मिलता है। जो यह संदेश देता है कि महादेव द्वारा बनाई गयी हमारे पारिस्थितिक तंत्र के सभी अवयवों को उन्होंने धारण किया हुआ है। यही कारण है कि सावन माह में सनातन हिन्दू पूजा पद्धति पूरे विश्व को संदेश देता है कि प्रकृति द्वारा निर्मित पारिस्थितिक तंत्र की संरक्षा ही मानव के अगले पीढ़ी को सुरक्षा प्रदान कर सकता है। अत: भगवान भोलेनाथ की पूजा का महत्त्व पूरे विश्व में सर्वजन हिताय के लिए सनातन हिन्दुओं द्वारा किया जाता है। आगे उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी गणमान्य जन व भोले दिवाने परिवार के सभी सदस्यों को मैं हृदय के अंतरतल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

एकीकृत समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए किसान पोर्टल में पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक

कोरबा । कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कृषकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में एक बार पंजीयन कराने संबंधी निर्देश प्रसारित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुसार कृषकों का पंजीयन 31 अक्टूबर 2023 तक कराया जाना है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने हेतु शासन द्वारा खरीफवर्ष 2023-34 में नया प्रयोग किया जा रहा है। पीडीएस सिस्टम की तर्ज पर किसानों को धान बेचना पड़ेगा। जिस प्रकार पीडीएस में खाद्यान्न लेने से पहले बायोमेट्रिक सिस्टम के तहत अंगूठा लगाना पड़ता है, उस तरह धान बेचने के पहले किसान को अपना आधार कार्ड नंबर बताकर बायोमेट्रिक सिस्टम से अंगूठा लगाना होगा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को कोई असुविधा न हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा दी गई है। खुद किसान या भूमि स्वामी और उसके अलावा माता, पिता, पति, पत्नि, पुत्र, पुत्री दामाद, पुत्रवधु सगा भाई बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को नॉमिनी बनाकर धान बेचने का अधिकार दिया जा सकेगा।

चक्रधर बाल सदन एवं जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

अनाथालय में 50 से अधिक बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में चक्रधर बाल सदन अनाथालय रायगढ़ में आज विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 50 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जहां सर्दी, खांसी, चर्म रोग, मौसमी बीमारी एवं अन्य प्रकार की जांच व उपचार कर आवश्यकता अनुसार दवाई का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सौरव अग्रवाल,राम प्रसाद टोप्पो, शुरू अली शाह,रितु पटेल, उषा सहित, बाल सदन के कर्मचारी अभिलाषा टोप्पो एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा। जिला कार्यक्रम समन्वयक सुरेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते

हुए बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न जगहों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में कल 23 अगस्त को जिला जेल रायगढ़ में भी शिविर लगाया गया था। जिसमें 565 बंदियों का स्क्रीनिंग कर 39 विचाराधीन बंदी का टीबी जांच हेतु सैंपल लिया गया एवं जांच की जा रही है। जिले में टीबी की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए जैसे ही आपको टीबी के लक्षण दिखे तो न घबराएं। सीधे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं और डॉक्टर से सलाह व मुफ्त में दवा लेकर इसका सेवन शुरू कर दें। अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों के बारे में जाने और अपने आसपास रहने वाले लोगों में यदि कोई लक्षण दिखे तो जांच के लिए प्रेरित करें।

विश्वसनीय जांच व सम्पूर्ण इलाज

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म भरने की तारीख 27 अगस्त तक बढ़ी

बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्य म में मिलेगा प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

अभ्यर्थी 27 अगस्त को शाम 5 बजे तक ऑनलाईन कर सकेंगे आवेदन

छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2023 शैक्षणिक सत्र में विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 27 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। अब इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑनलाईन 27 अगस्त शाम 5 बजे तक भर सकते है। पहले यह तिथि 24 अगस्त निर्धारित थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के माध्यम से बीएससी नर्सिंग एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर लॉगइन कर आवेदन भर सकते है। चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग पाठ्यक्रम काउसलिंग समिति के अध्यक्ष डॉ. देवप्रिय रथ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन शुल्क भी निर्धारित किया गया है। अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को एक हजार रूपये और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच सौ रूपये आवेदन शुल्क देना होगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करना होगा। संस्था चयन के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद लॉक और सबमिट करने के बाद भी अंतिम तिथि तक परिवर्तन की सुविधा रहेगी। ऐसे आवेदनों में परिवर्तनों के लिए एडिट शुल्क एक हजार रूपये अतिरिक्त जमा करना होगा। एडिट करते समय ई-मेल और मोबाईल नम्बर परिवर्तनीय नहीं होंगे। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम-2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर भी प्राप्त की जा सकती है।

मार्डन कालेज कोरबा में मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई गई शपथ

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र हेतु स्वीप कार्यक्रम हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार ने बुधवार टी.पी.नगर कोरबा स्थित मार्डन कालेज में स्वच्छता एवं '' स्वीप '' कार्यक्रम मतदाता जागरूकता हेतु छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया तथा अनिवार्य मतदान हेतु स्वयं भी जागरूक होने तथा आम मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प दिलाया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का अभियान '' स्वीप '' कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया जा रहा है, यह अभियान निगम क्षेत्र में 22 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक संचालित होगा। यहाँ उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के द्वारा जारी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम '' स्वीप '' अतंर्गत नगरीय क्षेत्र कोरबा हेतु निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार को नगर पालिक निगम कोरबा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत भिन्न-भिन्न जोन '' स्वीप '' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिन-जिन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम है, उन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से हर मतदान केन्द्र एवं वार्ड में डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया रहा है।

ग्रामीण ईलाकों में आवारा पशुओं के शिकायत हेतु हेल्प लाईन नंबर का शुरू हुआ वाल पेटिंग

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी के साथ ही पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान व अन्य जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं आवारा पशुओं एवं पशुओं को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माने की कार्यवाही लगातार की जा रही है।

इसी कड़ी में नेशनल हाईवे से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं से होने वाले दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के सुविधा हेतु शिकायत नंबरों का वाल पेटिंग किया जा रहा है। ज्ञात हो कि

विचरण की शिकायत व सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र के लिए नंबर 1100 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी 70000-23061 मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसी तरह नेशनल हाईवे के ग्रामीण इलाकों के लिए विशेष नोडल अधिकारी बनाये गये है जिसमें खरसिया ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर 96694-65241, रायगढ़ ब्लॉक के लिए 94241-85427 एवं पुसौर ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर 62611-62293 जारी किया गया है।

सड़कों पर आवारा पशुओं की शिकायत के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी बनाये गये है एवं उनका मोबाइल जारी किया गया है। इसी के साथ एरिया पशु हेल्प लाईन भी जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में सड़कों और नेशनल हाईवे में खुले घूमने वाले आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। अब नेशनल हाईवे में पशुओं के खुले में

मुंगेली शिक्षा विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार शिक्षा मंत्री से शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़–मुंगेली।

मुंगेली शिक्षा विभाग में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव ने शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे से लिखित में शिकायत किया है जिसमें मुंगेली जिले के पथरिया विकास खंड के ग्राम पंचायत सांवा का मामला है। जहां नागरिकों से मौखिक रूप में जानकारी प्राप्त हुआ कि गांव में मीडिल स्कूल है जिसमें गांव के बच्चे और आसपास के बच्चे पढ़ाई करते हैं हमारे यहां टीचर की कमी है और एक टीचर अभी पिछले महीने पढ़ाने आया था। जिसका नाम जीवन लाल साहू था। वह 5 या 6 जुलाई को स्कूल समिति की बैठक ले कर गठन किया और स्कूल से अचानक चला गया तब जब मीडिया के



पूछताछ किया तो मामला कुछ और ही नजर आया ग्राम के पूर्व माध्यमिक शाला सांवा में दर्ज संख्या 190 के आसपास है और केवल 3 शिक्षक पढ़ा रहे थे जबकि 6 शिक्षक व प्रधानपाठक की आवश्यकता थी। माह मई 2023 में शासन के द्वारा शिक्षकों का पदोन्नति किया गया था। जिसमें सांवा गांव के स्कूल में 1 शिक्षक व प्रधानपाठक के रूप में जीवन लाल साहू ने जॉइन किया था। इससे पढ़ाई का स्तर बढ़ेगा यह सोचकर सभी ग्रामीण प्रसन्न थे। ज्ञात हो कि कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के आदेश क्र/5699 स्था. 03/ई/टी/2023 दिनॉक बिलासपुर 03 जुलाई 2023 में सहायक शिक्षक से शिक्षक व शिक्षक से प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति उपरांत पदभार ग्रहण करने के लिए अंतिम दिनांक 03 जुलाई 2023 को निर्धारित किया गया था। जो आदेश के अनुसार जो अपने पद पर नियुक्त नहीं हुये थे। उसका पदोन्नति आदेश के अनुसार 3 जुलाई 2023 को रद्द हो गई थी। उक्त आदेश के परिपालन के विपरीत जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली व विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया के द्वारा दिनांक 13 जुलाई 2023 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांवाए विकासखंड पथरिया में पदस्थ प्रधानपाठक जीवन लाल साहू शिक्षक जिसका उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर है। जिसको बैकडेट में यानि 30 जून 2023 दिनॉक को रिलीव कर दिया गया। जबकि उक्त शिक्षक लगातार 13 जुलाई 2023 तक शाला में कार्यरत थे। जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया का उक्त कृत्य भी उक्त जांच के दायरे में आता है और शाला से प्राप्त दस्तावेज से यह प्रमाणित भी होता है। साथ ही जिला भर में संलग्नीकरण की जांचए स्कूलों में शिक्षको की कमी, बदहाल स्कूलों व शासन द्वारा दिये जा रहे सामग्रियों के क्रय का बंदरबांट, स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल सरगांव में बच्चों के प्रवेश के लिए उगाही, जिले भर के आत्मानंद स्कूलो में व्याख्याता भर्ती में हुए जमकर लेनदेन सहित विभिन्न शिकायतो की जांच करने को लिखित शिकायत किया गया है।

एक नजर

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए पात्र अभ्यर्थी कर सकते है आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023 की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे.आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू जैसे संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे है। उन्हें तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रस्तावित की गई है। रायगढ़ जिले के पात्र अभ्यर्थी उक्त योजना का लाभ लेने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालयए रायगढ़ में जमा कर सकते है। योजना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

असामायिक मृत्यु के प्रकरण पर 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

तहसील खरसिया के ग्राम तेलीकोट निवासी मो.इरफान खान की 4 सितम्बर 2019 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के पिता सफीर खान को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 31 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति रायगढ़ की बैठक 31 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में संभाग के वृहद/मध्यम जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ एवं रबी सिंचाई की उपलब्धि एवं उसका लक्ष्य निर्धारण, खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जिले में अब तक 685.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

कोरबा । जिले में 01 जून से अब तक 685.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 22 अगस्त तक औसत वर्षा 833 मिमी हुई है। बीते 24 घण्टों में जिले में 5.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 652.6 मिमी, भैंसमा में 799.8 मिमी, करतला में 694.2 मिमी, कटघोरा में 818.6 मिमी, दर्री में 736.0 मिमी, पाली में 639.6 मिमी, हरदीबाजार में 547.4 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 641.0 मिमी एवं पसान में 638.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा कटघोरा तहसील में दर्ज की गई है।

स्वीप अंतर्गत सभी विभागों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

कोरबा । जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित कर रहे हैं।

कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग एवं विकासखण्ड कटघोरा के अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में विगत दिवस मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान अंतर्गत कार्यालय प्रमुख द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। इसी प्रकार पशुपालन विभाग द्वारा पोड़ीबहार व कोहड़िया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान संकल्प पत्र का वाचन कर उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महाराणा प्रताप नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

बेरला मंडल के मंडी प्रांगण में सर्वप्रथम मंडल स्तरीय बैठक ली, भाजपा नेता अवधेश चंदेल हुई शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

2024 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले होने वाले राज्य के विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी और विपक्ष दोनों ही तैयारी कर रहे हैंए क्योंकि पार्टियों के विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन का सीधा असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है इसका फायदा दोनों ही पार्टियां चाहती है इसी बीच बीजेपी की तरफ से छत्तीसगढ़ में चार राज्यों के विधायकों को बुलाया गया है। विधायक प्रवास अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में विधायक को मैदान में उतार दिया है और इसी के साथ चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

इस कड़ी में बेमेतरा विधानसभा का कार्यभार बिहार प्रदेश के प्राणपुर विधानसभा के विधायक भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री व छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा की प्रभारी निशा सिंह को जिम्मेदारी दी गई जिसमें 22 अगस्त से लेकर 29 अगस्त विधायक निवास घेराव तक एक-एक कार्यक्रम तय हो चुका है। 23 अगस्त को बेरला मंडल के बेरला नगर मंडी प्रांगण में सर्वप्रथम मंडल स्तरीय बैठक ली जिसमे प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संध्या परगनिहा, प्रह्लाद रजक,जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,महामंत्री राजा साहू,डोमेन्द्र राजपूत,जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू,जिला मोर्चा अध्यक्ष दीपेश साहू,ललिता साहू,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,पोषण वर्मा,होरीलाल सिन्हा सहित वरिष्ठ नेता मंडल पदाधिकारी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक व सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ अध्यक्ष मौजूद थे। इसमें उन्होंने सभी के परिचय के साथ बूथ तक क्या क्या कार्य हुआ है हमारा कार्य गति कहा तक है हम चुनावी मोड में है न, ऐसे बहुत से प्रश्न किये साथ ही एक एक करके घोषणा पत्र में क्या ऐसा करना चाहिए जिससे भाजपा को लाभ हो और हम छत्तीसगढ़ में सरकार बनाये वह पूछा गया साथ ही घोषणा पत्र में पेटी में लिखित रूप से जमा करने को कहा उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम चुनाव मैदान में है और सब लोगों को मिलकर काम करना है हमारा एक ही प्रत्याशी कमल का फूल पन्ना प्रमुख बन चुका है सभी सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाना है हम चुनाव जीत रहे प्रदेश की जनता भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है कोई काम आम जन मानस का नहीं हो रहा है विकास पूरा ठप्प है विकास हुआ तो केवल कांग्रेस के कार्यकताओ का हुआ जनता दिल खोल के आशिर्वाद देने को खड़ी है उसके साथ हम खड़ा हो, घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजना पिछले 15 साल प्रदेश भाजपा सरकार के विकास कार्य जिससे आम जन मानस के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आया साथ साथ प्रदेश कांग्रेस सरकार की विफ्लताएं को व स्थानीय मुद्दा को जोरो सोरो से बताए साथ ही धान व घोषणा पत्र के मामले में भाजपा कांग्रेस से 20 रहेगी यह पूरे जगह चौक चौराहा होटल ठेला सभी जगह चर्चा करे बताए जनता को विश्वास दिलाये हमारी सरकार को आशिर्वाद दीजिये सरकार बनते ही सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास आयुष्मान कार्ड सभी अस्पताल में प्रभावशील लागू किया जाएगा।

साथ ही मंडल निवासरत जनप्रतिनिधियों जिला, जनपद सरपंच,पंच, सोसायटी अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य से आगामी चुनाव में उनकी भूमिका कार्य योजना जीत के मंत्र दी कैसे विपक्ष में रहते कार्य करना यह सारी बाते विस्तार से बताई। तत्पश्चात भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ता बन्धु मानक चतुर्वेदी के घर में विधायक निशा सिंह,पूर्व विधायक अवधेश चन्देल के साथ जिला मण्डल पदाधिकारी ने भोजन किया। इसके पश्चात संपर्क से समर्थन अभियान इसमें भाजपा के विचार,दर्शन और केंद्र की मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी गरीब कल्याण व सुशासन नीतियों व प्रदेश के पिछली 15 साल भाजपा सरकार के विकास कार्य की जानकारी देकर पुस्तक भेंट कर समर्थन मांगा इसमें बेरला नगर से कनक देशलहरे सेवानृवित्त प्रधानपाठक, डॉ गायत्री सिन्हा शिक्षिका वर्ग 1, विनय कुमार ताम्रकार नवभारत संवाददाता,विजय जैन जैन संघ अध्यक्ष बेरला,ग्राम परपोड़ा अंजोरी राम साहू, नाथूराम साहू,रण जीत सिंह राजपूत सेवानृवित्त शिक्षक इन सभी के घर जाकर मुलाकात किया राजनीतिक अलावा सामाजिक ग्रामीण व घर के सभी सदस्यों से भेंट किया गया। तत्पश्चात चंद्रयान की सफल लैंडिंग स्टूडेंट भाजपा पदाधिकारी के साथ उस समय के साक्षी बने साथ ही नगर में रैली निकालकर आम जन मानस को बधाई दिया।

अंतिम रात्रि में विधानसभा अंतर्गत सामाजिक प्रमुख के साथ चर्चा व भोजन किया गया।

एक नजर

सहायक ग्रेड 3 की कौशल परीक्षा 31 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-बलरामपुर।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड 03 के संविदा के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदन पत्र की जांच के बाद दावा-आपत्ति निराकरण के पश्चात वरीयता कम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। वर्गवार वरीयता कम मेरिट सूची का अवलोकन जिले के वेबसाइट पर किया जा सकता है। मेरिट सूची के आधार पर 1 पद के विरूद्ध 6 अभ्यार्थियों की मान से कुल 24 अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा 31 अगस्त 2023 को जनपद पंचायत बलरामपुर के मनरेगा कक्ष में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया गया है।

पार्वती साहू ने बेमेतरा विधानसभा से कांग्रेस कार्यकर्ता के बीच आवेदन फार्म जमा कर टिकट के लिए दावेदारी की

जोहार छत्तीससगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला बेरला ब्लॉक के ग्राम खर्रा,की साहू कबीरपंथ समाज की बेटी भारत जोड़ों पदयात्री सुश्री पार्वती साहू ने कांग्रेस पार्टी से महिलाओ की 50: की हिस्सेदारी के आधार पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 से अपनी टिकट की दावेदारी कर बेमेतरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश वर्मा को अपनी टिकट की दावेदारी करते हुए आवेदन फॉर्म 21 अगस्त 2023 को सभी कांग्रेस जनों के सामने जमा की और सभी कांग्रेस के वरिष्ठजन,मातृशक्ति एवं युवा साथियों से सभी के स्नेह,प्यार, अपनत्व से पार्टी में मुझे सेवा का अवसर प्रदान करने एवं आशीर्वाद बनाए रखने की अपील की।

चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर जागेश सिंह ने दी इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

भाजपा नेता जागेश सिंह ने चांद पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। जागेश ने कहा कि चंद्रयान 3 की चांद पर सफ ल लैंडिंग कराकर भारत ने अंतरिक्ष मे नया इतिहास रच दिया है। जिसपर हर भारतवासी गौरवान्वित है। आगे भाजपा नेता ने कहा कि यह इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। जागेश सिदार ने कहा की पिछले 25 वर्षों की इनकी कड़ी मेहनत एवं संकल्पित प्रयास ने हमे आज इस मुकाम पर पहुचाया है। सर्वविदित है कि चंद्रयान अभियान की शुरुवात पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के समय मे हुई, जागेश ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संगठन आने वाले समय मे भी नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

पाड़ीमार मतदान केंद्र एवं बालको के प्राथमिक शाला सेक्टर 04 व स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे के सहयोग से जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. पी. भारद्वाज द्वारा पाड़ीमार मतदान केंद्रों एवं शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 04 बालको व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, स्कूली स्टाफ छात्र-छात्राएं एवं मतदान केंद्रो के अंतर्गत आने वाले मतदाता उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान की उपयोगिता के बारे में बताते हुए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही फेटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों को इस संबंध में जागरूक होकर अपने साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की बात कही।

तेल प्रसंस्करण इकाई से महिलाओं का हो रहा आजीविका संवर्धन

250-350 रूपए प्रति लीटर की दर से तेल का कर रहीं विक्रय

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

रीपा से जुड़ी उमा समूह की महिलाओं द्वारा प्रारंभिक चरण में 130 लीटर तेल का किया गया उत्पादन

महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव सामने आ रहे हैं। रीपा के माध्यम से उन्हें रोजगार का प्रमुख जरिया मिला है। जहां संचालित आजीविका संवर्धन कार्यों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वावलंबन की राह पर अग्रसर हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के जनपद पंचायत करतला के ग्राम कोटमेर में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केंद्र में तेल प्रसंस्करण, दाल प्रसंस्करण, आचार-पापड़ निर्माण जैसे विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इनसे महिलाओं को अपने घर के पास ही नियमित रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। ग्राम पंचायत कोटमेर में स्थापित रीपा से जुड़ी उमा स्वसहायता समूह की महिलाएं तेल प्रसंस्करण का कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा तेल प्रसंस्करण का कार्य करते हुए सरसों, मूंगफली, डोरी आदि का तेल निकाला जा रहा है। एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक सुरेश निर्मलकर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर महिलाओं द्वारा सरसों और मूंगफ ली का प्रसंस्करण कर लगभग 130 लीटर तेल निकाला गया है, जिसे समूह की महिलाएं सीमार्टए हसदेव मार्ट और स्थानीय बाजार में 250 से लेकर 350 प्रति लीटर की दर से विक्रय कर रही है। इससे प्राप्त लाभ से समूह की महिलाओं का आजीविका संवर्धन हो रहा है जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि करतला एक वन आच्छादित क्षेत्र है, जहां पर ग्रामीणों द्वारा वनोपज संग्रहण किया जाता है। यहां पर अच्छी गुणवत्ता का महुआ बहुतायत में पाया जाता है। जिससे डोरी अधिक मात्रा में उपलब्ध रहता है। डोरी तेल शुद्ध एवं प्राकृतिक गुणों से संपन्न होता है। जिसका उपयोग यहां के लोग खाने, पूजा पाठ में तथा शरीर में लगाने में करते हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र में मूंगफली की खेती भी पर्याप्त मात्रा में होती है, जिससे मूंगफली भी यहां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहता है। तेल प्रसंस्करण इकाई द्वारा निकाला गया तेल शुद्ध, रसायन रहित, अच्छी गुणवत्ता की है, जिसकी पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का कार्य भी समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देखा चंद्रयान-3 का सुरक्षित लैंडिंग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में पहुंचने वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है। तकनीक तथा कुशल क्रियान्वयन की मदद से इसरो ने यह कारनामा कर दिखाया एवं भारत को पूरे विश्व में गौरवान्वित किया तथा पूरे विश्व में भारत देश का परचम लहरा दिया। उक्त तारतम्य में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र.छात्राओं ने इस ऐतिहासिक पल का अवलोकन किया। उत्साह पूर्ण तरीके से बच्चों ने चंद्रयान तीन का सफ्ल लैंडिंग देखा तथा इसरो के कठिन परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। जो कि राष्ट्र के नाम समर्पित है। ज्ञात हो कि इसरो का गठन सन् 1962 में किया गया था तथा चंद्रमा के लिए भारत का पहला मिशन 22 अक्टूबर 2008 को हरी कोटा से सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके पश्चात 22 जुलाई 2019 को श्रीहरि कोटा रेंज से भारतीय समय अनुसार दोपहर 2:43 बजे चंद्रयान.2 को सफ लतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया परंतु अपने मिशन में पूर्ण सफलता नहीं मिल पाई थी। जिस हेतु चंद्रयान.3 पुन: एक बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा गया जो इस बार पूरे विश्व में अपना परचम लहराने में कामयाब रहा तथा चंद्रमा के ऊपर भारत के तिरंगे झंडे को लहराने में सफल हुआ। बच्चों में विज्ञान,तकनीकी तथा इस ऐतिहासिक पल को प्रेरणादायक बनाने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से चंद्रयान-3 की सफ ल लैंडिंग का अवलोकन कराया गया। जिससे बच्चों की विज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो। काफी जिज्ञासा के साथ तथा उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के रहस्यों को जानने हेतु पूर्ण लैंडिंग को देखा। उक्त अवसर पर समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे तथा इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधान पाठक निलंबित

कोरबा । शराब पीकर स्कूल आने और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पाली विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधानपाठक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर जनचौपाल में पाली विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली में पदस्थ प्रधान पाठक श्री धरम लाल श्रीवास के विरूद्ध अनुशासनहीनता एवं बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने मामले की जांच और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. पी. भारद्वाज ने बताया कि पाली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में जांच अधिकारी नियुक्त कर संबंधित शिकायत की जांच के निर्देश दिए गए थे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली के जांच प्रतिवेदन के अनुसार जांच में शिकायत को सही पाया गया। इसे कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम का उल्लंघन पाए जाने पर शासकीय प्राथमिक शाला तिलैयापारा मुरली के प्रधान पाठक धरम लाल श्रीवास के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है।

दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हाईवे के पास खोली जाएंगी गोशाला

रायपुर। बेसहारा पशुओं से लगातार सड़क दुर्घटना और लोगों की मृत्यु के बाद अब राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों के समीप गोशाला खोलने के लिए सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य गो-सेवा आयोग ने अशासकीय संस्थाओं, एनजीओ से नए गोशालाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया है। गो-सेवा आयोग का तर्क है कि बेसहारा पशुओं के व्यवस्थापन करने के बाद उन्हें सड़क पर आने की जरूरत नहीं होगी। गोशाला में ही उनके खाने-पीने, रहने का इंतजाम किया जाएगा। यातायात विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो 18 महीनों में बेसहारा पशुओं की वजह से या इनसे टकराकर 128 लोगों की मौत हो चुकी है। 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक प्रदेश में 141 दुर्घटनाओं में 92 लोगों की मौत हो गई, वहीं 51 घायल हुए, वहीं 1 जनवरी 2023 से 15 जुलाई 2023 के बीच 55 सड़क दुर्घटना में 36 लोगों की मृत्यु और 15 घायल हुए। राज्य गो-सेवा आयोग के अधिकारियों ने बताया कि गोशाला के पंजीयन के बाद संस्थाओं को अनुदान राशि का अनुमोदन किया जाएगा।

घर घुसकर कर लूटपाट करने वाला आरोपी को घरघोड़ा पुलिस ने चंद घंटे में किया गिरफ्तार

आरोपी से लूट के रुपए और हथियार जब्त, लूट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में गया जेल

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

कल 23 अगस्त की रात्रि थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेदूंभाठा, नवागढ़ में ग्राम गुड़गुड़ थाना पूंजीपथरा क्षेत्र का लक्ष्मण दास महंत एक घर में घुसकर घर के लोगों को झगड़ा मारपीट कर चाकू से डराते धमकाते हुए नगद रकम 50000 लूट कर भाग जाने की सूचना थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा को मिली, थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराते हुए तत्काल अपने थाने की टीम बनाकर आरोपी की धर पकड़ में जुट गए जल्द ही आरोपी को पुलिस अपने हिरासत में लिया। जिसे आज लूट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर 23 अगस्त 2023 को सुंदरमती चैहान पति ललित चैहान उम्र 35 वर्ष सा. तेंदुभांठा नवागढ़, लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम गुडगुड पूंजीपथरा का लक्ष्मण दास महंत इमके गांव में लगभग 06 माह से घुम-घुम कर रोजी मजदूरी का काम करता था। जिसे जानते पहचानते है। 23 अगस्त 2023 को रात्रि करीबन 9 बजे पड़ोसी महिला के साथ घर के अंदर बैठे थे। एक सप्ताह पूर्व बैंक से रकम निकाले थे, उसी रकम और घर पर रखे रकम को दोनों मिलकर गिनती कर रहे थे कि उसी समय अचानक लक्ष्मण दास महंत निवासी गुड़गुड़ का घर अंदर एक चाकू लेकर जबरन घुस गया। आवाज सुनकर पति ललित चैहान भी आ गये तभी लक्ष्मण दास महंत हाथ में चाकू दिखाकर डराते हुए हाथ झापड से मारपीट कर हमारे पास रखे कुल 50,000 नगदी रकम को लूट लिया और धमकी देकर भाग गया। महिला की रिपोर्ट पर लूट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारीगण सदानंद कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़,संजय महादेवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़, दीपक मिश्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन पर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा तत्काल आरोपी पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया जो पुलिस की सक्रियता से घटना के महज चंद घंटों के भीतर आरोपी लक्ष्मण दास महंत पिता धनदास महंत उम्र 34 वर्ष सा. गुडगुड थाना पूंजीपथरा, जिला रायगढ़ छग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो अपराध करना स्वीकार किया जिससे घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार हथियार तथा शेष लूट रकम 2000 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी को अपराध धारा 458,394 भादवि 25ए27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी लक्ष्मण दास महंत थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के आद्तन बदमाश हैं जिसे पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए बदमाशों की गिरफ्तारी की गई है। कार्रवाई में निरीक्षक शरद चंद्रा, सहा.उपनिरी विल्फ्रेड मसीह, प्र.आर राकेश राठौर, अवध बिहारी विश्वकर्मा, आर. खगेश्वर नेताम, भानुप्रताप चंद्रा, प्रहलाद भगत की अहम भूमिका रही है।

यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

ई-कोर्ट क्रमांक: ...../अ-02/2022-2023

साकिन-बालकपोड़ी, प.ह.नं. 23

एतद् द्वारा सर्व नागरिक ग्राम बालकपोड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवनदास पिता सोनूदास, जाति- पानिका, निवासी ग्राम-ध्ताकुरपोड़ी, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम-बालकपोड़ी, प.ह.न. 23, रा.नि.मं. बाकारूमा, तहसील-धरमजयगढ़ में खसरा नं. 712/3 रकबा 0.027 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर मकान निर्माण हेतु आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/08/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धरमजयगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

ई-कोर्ट क्रमांक: ...../अ-02/2022-2023

साकिन-ठाकुरपोड़ी, प.ह.नं. 23

एतद् द्वारा सर्व नागरिक ग्राम ठाकुरपोड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवनदास पिता सोनूदास, जाति- पानिका, निवासी ग्राम-ध्ताकुरपोड़ी, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम-ठाकुरपोड़ी, प.ह.न. 23, रा.नि.मं. बाकारूमा, तहसील-धरमजयगढ़ में खसरा नं. 936/1 ग रकबा 0.021 हे. और 936/1 घ रकबा 0.021 हे. कुल खसरा 2 रकबा 0.042 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर दुकान निर्माण हेतु व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/08/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धरमजयगढ़

गांजा तस्करों के खिलाफ दोरनापाल पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 15 लाख 47 हजार का गांजा बरामद

जोहार छत्तीसगढ़–दोरनापाल।

पुलिस द्वारा मुखबिर के आधार पर पता चला कि उड़ीसा से स्कार्पियो वाहन में लाया जा रहा था गांजा एक मोटर सायकल से रेकी करते तस्कर को किया गया गिरफ्तार। 154 किलो गांजा दोरनापाल पुलिस ने जब्त कर लिया है।

चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया बरामद हुए गांजे की कीमत 15 लाख 47 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली कि सफेद रंग की स्कार्पियो में भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर लाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने थाना दोरनापाल अंतर्गत चेकिंग के दौरान शबरी नदी पुल के पास से स्कार्पियो व एक मोटर सायकल सहित चार तस्करों को पकड़ लिया गया वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 9417 में अवैध रूप से गांजा परिवहन करने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। जहां चेकिंग करते हुए आरोपी विप्रो सरकार 28 वर्ष, निवासी एमव्ही 117, कांदापल्ली थाना पोडिया जिला मलकानगिरी ओडिसा, सिंगा माड़ी 34 वर्ष निवासी गागोरोमेटलाए, थाना कालीमेला, जिला मलकानगिरी ओडिसा, मनीष दास 25 वर्ष निवासी ग्राम भीमपुरी थाना फास्टरपुर सेतगंगा, जिला मुंगेली, इंदरमन पटेल 33 वर्ष निवासी घोघरीखुर्द, थाना कवर्धा, जिला कवर्धा छग के कब्जे से स्कार्पियो वाहन में कुल 6 प्लास्टिक की बोरियों से 38 पैकेट बरामद किए।

इन पैकेट के अंदर छिपाकर गांजा रखा हुआ था। इस प्रकार से 154 किलो गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त गांजे को वह लोग उड़ीसा से तस्करी कर ला रहे थे। इस गांजे को आंध्रप्रदेश के क्षेत्रों में बेचने का काम करते हैं। गांजा व वाहन की कुल कीमत 2405170 साहित जब्त किया गया पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

एक नजर

बिहार से आये चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में विधायक कृष्ण नंदन पासवान ने खंडसरा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं का लिया बैठक

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में पर्यवेक्षक के रूप में विधानसभा का रणनीति व अन्य तय करने को भेजा हैं इसी दौरान नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बतौर पर्यवेक्षक बिहार से विधायक कृष्ण नंदन पासवान पहुंचें हैं जिसमें गुरुवार को पर्यवेक्षक कृष्ण नंदन पासवान ने भाजपा खंडसरा मंडल का बैठक मरका बगीचा में लिया।

गांव में तेंदुआ और शहर पहुंचा भालू

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी में इन दिनों जंगली जानवरों ने लोगों को बेतहाशा परेशान कर रखा है। जिले के वनांचल इलाके में जहाँ तेंदुए का खौफ है,तो वहीं शहर के रिहायशी इलाके में भालू काज्वता दे कि कुछ दिनों पहले शहर के नजदीक रुद्री के गलियों में भालू दिखाई दिया था..वहीं आज यानी गुरुवार की सुबह धमतरी शहर के अंदर भालू घुस गया। जिसे देख लोगों में दहशत है,हालांकि

सूचना मिलते ही वनविभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुँचेज वहीं भालू को देखने लोगों की भीड़ जमा हो गयी। बताया जा रहा है कि वनविभाग की टीम ने भालू को जाल लगाकर रोका गया है।जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह मोटर स्टैंड वार्ड के गुरुद्वारा के पीछे विजय ताहिर पटाखा के पास अचानक भालू घुस गया। सुबह के तकरीबन 6ः15 को लोगों ने भालू को देखा और सूचना वन विभाग को दी।जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुँच गयी है। वार्डवासियों की माने तो भालू सुबह नाहर गली की तरफ से घुसा है। जो अमरूद के पेड़ में चढ़कर उसका स्वाद लिया फिर झुंड की तरह चले गया।कहा जा रहा है कि भालू भोजन की तलाश में जंगल से शहर की तरफ पहुँचा होगा.. इधर लोगों की सूचना पर वन विभाग वन विभाग की टीम मौके पर पहुँचकर भालू पर नजर बनाई हुई है। बताया जा रहा है कि लोग अभी भी घरों के अंदर मौजूद है। वहीं सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे नहीं निकल पाए है,वन विभाग एसडीओ मनोज विश्वकर्मा, रेंजर ज्योति गुप्ता, उमेश सिंह राकेश तिवारी, शशिकांत साहू, प्रियंका शर्मा, जितेंद्र सोनी, अर्जुन निर्मलकर, भगतराम चेलक सहित स्टाफ मौके पर मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर से ट्रेंकुलाइजर मंगाया गया है तब तक निगरानी रखी जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वह संयम रखें।

बिहार से आये चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में विधायक कृष्ण नंदन पासवान ने खंडसरा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं का लिया बैठक

क्षेत्रीय चुनावी रणनीति सहित विभिन्न विषयो पर किया कार्यकर्ताओं से चर्चा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में पर्यवेक्षक के रूप में विधानसभा का रणनीति व अन्य तय करने को भेजा हैं इसी दौरान नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बतौर पर्यवेक्षक बिहार से विधायक कृष्ण नंदन पासवान पहुंचें हैं जिसमें गुरुवार को पर्यवेक्षक कृष्ण नंदन पासवान ने भाजपा खंडसरा मंडल का बैठक मरका बगीचा में लिया जिसमें प्रमुख रूप से उनके साथ बिहार से पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा जी,पूर्व मंत्री दयालदास बघेल,भाजपा जिला महामंत्री टार्जन साहू,भाजपा जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र ठाकुर,मंडल अध्यक्ष भाजपा खंडसरा अजय साहू,मंडल अध्यक्ष मारो परस वर्मा,राजेश दत्त दुबे,तानसेन पटेल,वीरेंद्र साहू,महावीर धुरू,गुड्डा गोस्वामी,राजा राम ठाकुर, खोरबहरा साहू,संजय पटेल,विनोद साहू,शिव तिवारी,लेख सिंह वर्मा, अभिषेक सिंह,रामकुमार पटेल,पप्पू शर्मा,अमरनाथ चक्रधारी,सुरेंद्र वर्मा, जलेश्वर सिंह,राजेश सिंह चौहान,बसंत साहू,सनी बंजारे,मोहित बंजारे,छोटू रति कुमार साहू,तुलाराम साहू,हरिराम चंद्राकर,वीर सिंह चंद्राकर,संतोष साहू,जुरमन साहू,पन्ना साहू,संतोष पुरी गोस्वामी,ताराचंद वर्मा,इतवारी सिंह,बल्लू साहू,छन्नू साहू,ताराचंद पाल,प्रमोद कुमार,सोनसिंह ठाकुर,राजाराम ठाकुर,करण सिंह,मनीष सिंह,जलेश्वर सिंह,रामकमल साहू,इंद्रा कुमार,मस्तराम वर्मा,राजेन्द्र बंजारे,हेमू महिलांग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत धरमजयगढ़ में दिव्यांग बच्चों को दी गई स्पीच थैरेपी

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़।

कलेक्टर रायगढ़ के निर्देशानुसार एव जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला व जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में 24 अगस्त 2023 को डॉ. रागिनी राठौर एवं प्रतिभा गभेल की उपस्थिति में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के कक्षा 1 से 12 तक के दिव्यांग बच्चों को फिजियोथैरेपी एवं स्पीच थैरेपी दिया गया। जिसमें विकासखण्ड के 22 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे लाभान्वित हुए। जिसमें समावेकी शिक्षा के तहत दिलेश्वर कुमार को सीपी चेयर, पवित्र हलदार को रोलेटर वाकर,होलिका राठिया, सौरभ सरदार को ,मआर कीट, सचिन राठिया एवं मनोज यादव को क्ले मिट्टी, विनय,रागिनी राठिया को लो विजन कीट,तथा रिया राठिया, श्यामवती, अनामिका, अवंतिका, शालू, रानी को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आरएस सारथी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एन पी बिषी, लेखापाल आरपी यादव संकुल शैक्षिक समन्वयक जसवंत सिंह राठिया, मिहिर विश्वास, स्पेशल,जुकेटर तेजेश्वर प्रसाद साहू समावेशी शिक्षा, निलाम्बर राठिया, जगदीश प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, तनाव में रहता था मृतक

घटना उदउदा की, जांच में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार मृतक कोरबा जिले के गुरमा क्षेत्र की एक लड़की को पसंद करता था और लगातार उसके संपर्क में रहता था। बीते कुछ समय से वह काफी तनाव में रह रहा था। वहीं, युवक के आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के उदउदा गांव की है। जहां बीती रात सुकेश नामक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बारे में मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि बीती रात घर के लोग खाना खाने के बाद सो रहे थे। प्रार्थी ने बताया कि वह अपने मंझले भाई के साथ एक कमरे में सो रहा था। इस बीच रात में प्रार्थी लघुशंका के लिए बाहर निकला। जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद वापस आने पर देखा कि उसके मंझले भाई सुकेश ने फांसी लगा ली है। जिसके बाद परिजनों ने इस बात की सूचना थाने में दी। वहीं, सरपंच व अन्य लोगों के साथ घटना की तस्दीक करते हुए धरमजयगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आदर्श जूनियर जंक्शन में मनाया गया ग्रीन डे

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

आदर्श ग्राम्य भारती शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित आदर्श जूनियर जंक्शन में पौधारोपण कर ग्रीन डे मनाया गया। प्रकृति को हरा भरा करने हेतु पौधे रोपित किया गया। जिससे बच्चों को पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरणा मिल सके। इस कार्यक्रम में न्यायाधीश अमित मात्रे, डॉ. हेमंत राठिया, प्राचार्य अजयप्रताप सिंह, प्रमुख नेहा कोमल ने बच्चों के साथ पौधे रोपित किए। वहीं प्ले स्कूल के बच्चों को अपने-अपने घर में भी पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। बता दें कि इस संस्था द्वारा छोटे बच्चों को प्रेरित करने समय समय पर अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

राष्ट्र के लिए समर्पित बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अरुण जेटली-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



जीएसटी के वास्तुकार और एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली को राष्ट्र के लिए समर्पित बहु आयामी व्यक्ति का धनी बताते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने उनके पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। आपातकाल के दौरान जेटली अंबाला जेल एवं दिल्ली की तिहाड़ जेल में रखा गया था। ओपी ने बताया कि वे एक कुशल वक्ता थे। 2021 के दौरान उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। छात्र राजनीति में एक विश्वविद्यालय अध्यक्ष से लेकर वित्त मंत्री तक का सफर तय करने वाले अरुण जेटली के तर्कों की सभी दलों के स्वीकार्यता रही। वित्त मंत्री के रूप में जेटली ने वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी व्यवस्था शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2014 से 2019 तक वित्त मंत्री के रूप में। उनका सफल कार्यकाल रहा। 1973 में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 1977 में दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त की। जेटली छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। 1974 के दौरान उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। 1977 में दिल्ली एबीवीपी का अध्यक्ष और एबीवीपी का अखिल भारतीय सचिव नियुक्त किया गया था। भारतीय जनता पार्टी ने 1991 के दौरान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने। उसके बाद पार्टी प्रवक्ता के रूप में सेवाए दी।

रिश्ते के मामी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

रिश्ते को शर्मशार करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना धरमजयगढ़ थाना की है। जहां तीन माह पहले पीड़ित महिला ने थाने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि वह पतरापारा धरमजयगढ़ की निवासी है। जिसे उसका पड़ोसी संदीप पवार जो रिश्ते में भांचा लगता है। जो बदनाम करने एवं परिवार को तोड़ देने की धमकी देकर 3 साल तक दुष्कर्म को अंजाम देता रहा।

पीड़िता ने बताया था कि 2020 में उसका पड़ोसी संदीप पवार उसके घर में आया। तब घर में कोई नहीं थे। उसने कोकोकोला पीने को कहा, जिसे पीने के बाद मेरे होश नहीं रहा। जब होश आया तो मेरे कपड़े खुले हुए थे। तब संदीप ने मुझे इस घटना को किसी बताने पर बदनाम करने एवं परिवार तोड़ने की धमकी देकर बार बार दुष्कर्म करने लगा। लेकिन जब उसकी बुरी नजर मेरी नाबालिग लड़की पर पड़ी तब मैने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद 31 मई 2023 को धरमजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाप दुष्कर्म का मामला दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

गांव-गांव पहुंच कर केन्द्र सरकार की योजाओं के लाभार्थी का भागीरथी मांझी कर रहे सम्मान

भाजपा नेता ने राज्य सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।

भाजपा के गरियाबंद के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी इन दिनों गांव-गांव पहुंच कर केन्द्र सरकार के योजाओ के लाभार्थी का सम्मान कर रहे है वही राज्य सरकार पर तीखे हमले भी कर रहे है।

मांझी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के तीखे हमले किये वही मांझी बीते कल देवभोग के सीनापाली के शक्तिकेन्द्र पहुंकर केन्द्र सरकार के आवास और पीएम किसान निधि,आयुष्मान पीएम सडक दुर्घटना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थी का सम्मान में हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर उनके साथ पेकुराम नायक, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अभिनव सोनी,गौतम नागेश चरण बिसी,बुथ अध्यक्ष रोहित पटेल, जगमोहन पटेल, गणेश राम नायक, गजानन कश्यप सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

छग भूपेश राज में भ्रष्टाचार का हब बन गया-माँझी

भूपेश राज में छग भ्रष्टाचार का हब बन गया है छग में शराब शिक्षक पदोन्नति से लेकर चांवल तक कई बड़े घोटाले है जनता सब देख चुकी है। पिछली और अभी के सरकार में अंतर इतना है कि छग के लोग रमन राज में खुश थे और आज कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो वादे किये थे अब तक पूरा नही किया वही केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं को भी ठीक तरह से लागू नहीं कर रही है ये आरोप अजजा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी ने लगाये है।

बुथ समिति के साथ बीएलओ से की चर्चा

आगामी विस चुनाव को देखते हुए भाजपा नेता भागीरथी मांझी दौरा कर शक्तिकेन्द्र के बुथ समिति के सदस्यों के साथ बैठकर चुनाव तैयारी के चर्चा कर रहे हैं वहीं बीएल ओ से नव मतदाता की जानकारी ले रहे है। उनके इस दौरा को लेकर ग्रामीण कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह देखी जा रही है वही गम जगह भव्य स्वागत के साथ साथ कांग्रेस समर्थक भाजपा प्रवेश कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in